राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 189

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

बुधवार 04 जून 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 यूपी-रेरा का अलर्ट : बिना रेरा रजिस्ट्रेशन वाले प्रोजेक्ट्स से घर

पेज 4 यूपी के 19 शहरों का मौसम बदला, वाराणसी-बरेली में बारिश

पेज 6 भारत के कारण क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में वापसी

## संक्षिप्त खबरें

### मानसून सत्र में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव संभव

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। न्यूज एजेंसी ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि महाभियोग के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सभी पार्टियों से बात करेंगे। 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

### राज्यपाल ने तमिलनाडु सरकार के बिलों को मंजूरी दी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सरकार की ओर से पारित 2 बिलों को मंजूरी दे दी है। इनसे 12,000 से ज्यादा दिव्यांगजनों को शहरी और स्थानीय निकायों में नामांकन का अधिकार मिलेगा। ये बिल लंबे समय से राजभवन में लंबित थे। राज्यपाल के इस फैसले पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- यह मंजूरी मिलनी ही थी। राज्यपाल को डर था कि अगर फिर से बिलों को रोका तो हम सुप्रीम कोर्ट चले जाएंगे। 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर राज्यपाल के अधिकार की सीमा तय कर दी थी।



### हैप्पी मॉर्निंग

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया गुरुजी ने दामाद से पूछा- क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
दामाद ने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा...



### शायरी

जातिवाद के चक्कर में पड़ोगे तो मलाल होगा,
अगर शिक्षित बनोगे तभी तो कमाल होगा।

### अर्थसार



संसेक्स:
80,737.51
-636.24 (0.78%)
निफ्टी:
24,542.50
-174.10

### मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 23 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 25
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 20

# आर्मी अफसरों की प्राइवेसी पर सरकार की एडवाइजरी

**रक्षा मंत्रालय ने कहा- मीडिया बिना परमिशन निजी जानकारी सार्वजनिक न करे**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया और लोगों से अपील की है कि वे सीनियर सैन्य अधिकारियों और उनके परिवारों की गोपनीयता का सम्मान करें।

सरकार ने इस बारे में एडवाइजरी जारी की है। इसमें लिखा, सेवारत या रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के निजी आवासों के पते छापने और उनके परिवारों के इंटरव्यू करने से बचें।

डिफेंस मिनिस्ट्री ने एडवाइजरी में कहा है कि जब तक आधिकारिक तरीके से इसका इनविटेशन या इजाजत न दी गई हो, तब तक आवासीय पते, परिवार के सदस्यों की तस्वीरें या अन्य निजी ब्योरों को छापने या प्रसारित करने से बचें। रक्षा मंत्रालय ने यह एडवाइजरी विजय कुमार के साइन के साथ जारी की है।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपना पहला आईपीएल जीता




**191 रन चेज कर रहा पंजाब 6 रन से हारा; विराट कोहली मैदान पर ही रो पड़े**

एजेंसी

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना पहला टाइटल जीत लिया है। टीम ने मंगलवार को खेले गए फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया। इसी के साथ 18वें सीजन में आईपीएल को 8वां चैंपियन मिला। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 191 रन का टारगेट चेज कर रही पंजाब 184 रन ही बना सकी। बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाए। जितेश ने तेज बल्लेबाजी की और 240 के स्ट्राइक रेट से 10 गेंद में 24 रन बनाए।

क्रुणाल पंड्या ने 17 रन देकर 2 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार ने भी 2 विकेट लिए। पंजाब से अर्शदीप सिंह और काइल जैमिसन ने 3-3 विकेट लिए।

आरसीबीकी टीम आईपीएल इतिहास की आठवीं चैंपियन बनी है। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स (5 बार), मुंबई इंडियंस (5 बार), कोलकाता नाइट राइडर्स (3 बार), राजस्थान रॉयल्स (1 बार), डेक्कन चार्जर्स (1 बार), सनराइजर्स हैदराबाद (1 बार) और गुजरात जायंट्स (1 बार) चैंपियन बनी है।



# राहुल बोले-ट्रम्प का फोन आया, नरेंदर तुरंत सरेंडर हो गए

**इतिहास गवाह है, यही भाजपा-आरएसएस का कैरेक्टर; कांग्रेस के शेर-शेरनियां कभी झुकते नहीं**



**भोपाल।** राहुल गांधी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री मोदी पर बयान दिया। राहुल बोले कि ट्रम्प का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए। उन्होंने कहा, इतिहास गवाह है, यही भाजपा-आरएसएस का कैरेक्टर है। ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं हैं।

**राहुल ने इंदिरा को पुष्पांजलि दी**

राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर पूर्व प्रधानमंत्री और अपनी दादी इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि दी। इस दौरान वे जूते पहने हुए थे। इस पर एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी दादी इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि देते हुए जूते नहीं उतारे।

# बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 की मौत

**सिक्किम में हेलिकॉप्टर से 36 लोगों का रेस्क्यू; एमपी-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट**

एजेंसी

**नई दिल्ली/अगरतला/इम्फाल।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। आज एमपी-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है।

नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं। उत्तरी सिक्किम के लाचेंग-चुंगथांग कस्बों में लैंडस्लाइड के कारण फंसे 1678 टूरिस्ट्स रेस्क्यू किए गए। इसमें 36 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। 100 से ज्यादा अभी भी यहां फंसे हैं। मंगन जिले में बाढ़ को आपदा घोषित किया गया है। 31 मई की शाम जिले के छातेन में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड में 3 जवानों की मौत हुई थी। लापता 6 जवानों की तलाश जारी है।

इधर, बिहार के सीवान में सोमवार को आंधी-बारिश के बाद दीवार-पेड़ गिरने से अलग-अलग इलाकों में 2 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जयपुर में भी दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। वहीं, मध्य प्रदेश के 38 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है।



# आगरा : यमुना में रील बना रहीं 6 बहनें डूबीं, मौत

**आगरा में एक-दूसरे को बचाने में गई जान, बड़ी बहन की 7 दिन पहले हुई थी एंगेजमेंट**



**आगरा।** आगरा में यमुना नदी में नहाने गई 6 बहनों की डूबने से मौत हो गई। जिस जगह ये हादसा हुआ, उससे उनका घर सिर्फ 800 मीटर दूर है। डूबने से पहले 6 बहनें मोबाइल पर रील बना रही थीं। ये वीडियो भी पुलिस को मिले हैं।

6 बहनों से पहले उन्हीं के परिवार के 4 चचेरे भाई यमुना नदी पर नहाने गए थे। भाइयों ने डूब रही बहनों को बचाने का प्रयास किया, मगर वह भी डूबने लगे, तो बहनों का हाथ छोड़ दिया।

घटनास्थल से 2 किमी दूर मौजूद स्टीमर और गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। 2 घंटे बाद करीब 1.5 किमी दूर नदी में बहनें मिली।

सभी 6 बच्चियों को बाहर निकाला। तीन सगी और एक चचेरी बहन की मौत हो चुकी थी।

दो बच्चियों को पुलिस के जवानों ने सीपीआर दिया, तो उनकी सांस चलने लगी। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मगर 3 घंटे के इलाज के बाद उनकी भी मौत हो गई। यह घटना सिकंदरा के नगला स्वामी गांव की है। पोस्टमॉर्टम के बाद शाम करीब 7: 30 बजे सभी का गांव में जेसीबी से अलग-अलग गड्ढा खोदकर अंतिम संस्कार किया गया। सभी 4 बहनों को बराबर में दफनाया गया है। यूपी सरकार ने मरने वालों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

**पहले 4 चचेरे भाई नहाने गए, पीछे-पीछे 6 बहनें पहुंचीं**

सिकंदरा के नगला स्वामी गांव में सुरेश और दिनेश का परिवार रहता है, दोनों भाई हैं। मंगलवार सुबह 10 बजे सुरेश की बेटियां मुस्कान (17), संध्या (15) और दिव्या (14) यमुना नदी पर नहाने जा रही थीं। उनके साथ दिनेश की बैटी नैना (13) भी गई। साथ में आगरा की टेढ़ी बगिया की रहने वाली मौसी की भी दो बेटियां सोनम और शिवानी नहाने चली गईं। इन 6 बहनों से पहले इसी परिवार के 4 चचेरे भाई भी यमुना नदी के तट पर नहाने गए थे। घर से सिर्फ 800 मीटर दूर ही यमुना की धारा निकलती है। वहां बहने पहुंची और मोबाइल से पानी में नहाते हुए वीडियो बनाने लगीं। इस दौरान छह बहनों ने हाथ पकड़ा हुआ था। इसके दो वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें बहने नहाते हुए दिख रही है। वह रील की तरह वीडियो शूट कर रही हैं।

## अवैध खदान से 13 दिन बाद निकाले गए तीन शवू

**हजारीबाग।** हजारीबाग में 21 मई को नदी में तेज बहाव से अवैध खदान में डूबे तीन मजदूरों का शव सोमवार की रात बाहर निकाल लिया गया। घटना के 13वें दिन मजदूरों का शव दिखा तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और खुद ही उन्हें बाहर निकाल लिया। इससे पहले एनडीआरएफ की टीम भी आई थी पर शवों की तलाश में असफल रही थी।

# कोरोना : देश में एक्टिव केस 4 हजार पार

**अहमदाबाद में 24 घंटे में कोरोना के 60 केस, अब तक 38 मौतें**

नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु। देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 60 केस मिले हैं। राजकोट में एसपी हिमकर सिंह भी कोरोना पॉजिटिव हैं। वे फिलहाल होम आइसोलेशन में हैं।

देशभर में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना से 5 लोगों की मौत भी हुई है। इनमें केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक और महाराष्ट्र में दो मौतें हुई हैं। जनवरी से अब तक देश में कोरोना से 38 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 31 की मौत बीते 4 दिन में हुई हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 10 मौतें हुई हैं। भारत में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 4 हजार के पार हो गया है। अभी देश में कुल 4,026 एक्टिव केस हैं। इनमें 50 प्रतिशत केस सिर्फ महाराष्ट्र और केरल में है। केरल में सबसे ज्यादा 1,446 एक्टिव केस हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 मामले हैं। देश में 22 मई से कोरोना के मामले लगभग 15 गुना बढ़े हैं। 22 मई को देश में सिर्फ 257 एक्टिव मामले थे।

31 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 3,395 हो गया था। उसके बाद से केस लगातार बढ़ रहे हैं। 2700 मरीज ठीक भी हुए हैं।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को फटकारा

**चेन्नई।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक्टर-डायरेक्टर और नेता कमल हासन की 2 जून को दायर याचिका पर सुनवाई की। इसमें उनकी फिल्म ठग लाइफ पर कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के कर्नाटक रिलीज पर लगाई रोक हटाने और रिलीज के दौरान पुलिस सिक्योरिटी की मांग की गई है। फिल्म की 5 जून को पैन इंडिया रिलीज है। कोर्ट ने हासन को उनके बयान कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ पर फटकार लगाई। जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा, आपने किस आधार पर यह बयान दिया है? क्या आप इतिहासकार हैं या भाषाविद्? आप कमल हासन हों या कोई और, आपके पास किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है।

## पाक के लिए जासूसी के शक में पंजाब से गिरफ्तारी

तरनतारन। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पंजाब के तरनतारन से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी सैन्य जानकारियां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भेज रहा था। आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर गली नजर सिंह वाली के गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट और तरनतारन पुलिस ने की है। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गगनदीप सिंह 5 साल से पाकिस्तान में बैठे खालिस्तान समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था।

# वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल लॉन्च करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 6 जून को उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उम्मीद का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा।

### रजिस्ट्रेशन के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है

रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो 1 से 2 महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा। वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले फायदों का अहम मकसद महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को मदद देना रहेगा।

**हत्या** — **शिलॉन्ग में पेड़ काटने वाले हथियार से मारा गया, पत्नी अब भी लापता**

# हनीमून मनाने गए इंदौर के युवक की हत्या हुई थी

**शिलांग।** इंदौर से हनीमून मनाने मेघालय गए इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या की गई थी। यह खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हुआ है। राजा और उसकी पत्नी सोनम 12 दिन पहले मेघालय गए थे। राजा का शव सोमवार को शिलॉन्ग में एक खाई में मिला था। सोनम अब भी लापता है।

मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सिम ने बताया कि राजा की हत्या पेड़ काटने के हथियार से की गई थी। हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार जब्त कर लिया है। जल्द ही केस खुलासा किया जाएगा।

राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में अपहरण और हत्या की आशंका जताई थी। विपिन ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। साथ ही मेघालय पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगाया है।

भाई विपिन ने कहा, राजा का पर्स, ब्रेसलेट, गले की चेन, बैग, अंगूठी और पावर बैंक आदि बरामद नहीं हुए हैं। पूरे मामले की जांच अच्छे से जांच की जाए। हम चाहते हैं कि बहू सोनम जीवित मिले।

### जीपीएस ट्रैकर से पता चला, कुछ देर रुकी थी स्कूटी

एडी व्यू पॉइंट, मावक्मा में जीपीएस ट्रैकर से पता चला कि दंपती ने जिस स्कूटी का इस्तेमाल किया था, वह 23 मई को कुछ देर के लिए रुकी थी। इससे पहले वेइसाडोंग इलाके से, जहां राजा का शव बरामद हुआ था, सर्च टीम को एक टूटा हुआ मोबाइल फोन और एक डाओ मिला था। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि ये चीजें मामले से जुड़ी हैं या नहीं।



### राजा और सोनम के साथ गाइड था

सोहरा के डबल डेकर (लिविंग रूट) घूमने के लिए राजा ने एक गाइड को लिया था, वे नीचे गए और घूम के ऊपर आए। वापसी के वक्त उन लोगों के साथ बातचीत हुई थी। राजा ने बताया था कि एक जगह कॉफी पी, लेकिन कॉफी अच्छी नहीं लगी तो फेंक दी और अब वे केले खा रहे हैं। इसके बाद लौटेंगे। आखिरी बार बातचीत जिस दिन गुम हुए उस दिन 01: 43 पर हुई थी।

### माता-पिता को नहीं मौत की जानकारी

राजा की मौत की खबर के बाद इंदौर में उसके परिवार में मातम का माहौल है। रिश्तेदारों और परिचितों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

परिजन ने राजा की मौत की खबर अब तक उसकी मां उमा और पिता अशोक को नहीं दी है। उन्हें टीवी, मोबाइल और सोशल मीडिया से भी दूर रखा जा रहा है। परिवार के मुताबिक उन्हें कैसे बताएं कि बेटा अब दुनिया में नहीं रहा, यह किसी के समझ नहीं आ रहा।

# संपादकीय

## नारी शक्ति : समाज का सशक्त आधार



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

एक शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर नारी – केवल परिवार की नींव नहीं, राष्ट्र की रीढ़ होती है।

नारी शक्ति केवल कोई सामाजिक नारा नहीं, बल्कि विकास, स्थायित्व और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्तंभ है।

प्राचीन भारत में जहां गार्गी, अपाला और मैत्रेयी जैसी विदुषियों ने वेदों की सभा में पुरुषों को ज्ञान की चुनौती दी, वहीं आज की कल्पना चावला, पी. वी. सिंधु और निर्मला सीतारमण जैसे नाम वैश्विक मंचों पर भारत की पहचान गढ़ रहे हैं।

### आज की नारी : घर से लेकर अंतरिक्ष तक

**भारतीय नारी अब केवल 'गृहलक्ष्मी' नहीं, बल्कि :**

- वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में शोधकर्ता,
- कॉर्पोरेट बोर्डरूम में निर्णायक,
- खेल मैदानों में विजेता,
- और संसद में नीति निर्माता बन चुकी है।

### सरकारी योजनाओं जैसे

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ,
- मुद्रा योजना,
- उज्ज्वला योजना,

ने ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व संबल दिया है।

### लेकिन क्या चुनौती ख़त्म हो गई?

**नहीं — आज भी लाखों महिलाएं**

- घरेलू हिंसा,
- कार्यस्थल पर असमानता,
- मानसिक उत्पीड़न,
- शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचना

जैसे मुद्दों से जूझ रही हैं।

आज भी लड़की पैदा होने पर समाज का एक वर्ग उदास हो जाता है — यह मानसिकता नारी शक्ति की सबसे बड़ी बाधा है।

### समाधान : शिक्षा, सहयोग और सम्मान

**'नारी को पूजा नहीं, समान भागीदारी चाहिए।'**

- शिक्षा और डिजिटल साक्षरता महिलाओं को सशक्त बनाने की पहली शर्त है।
- सामाजिक संरचना में पुरुषों की भूमिका भी निर्णायक है — उन्हें सहयोगी, संरक्षक नहीं, साझेदार बनना होगा।
- पंचायती राज, एमएसएमई और स्वयं सहायता समूहों के ज़रिए आर्थिक स्वतंत्रता को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाना होगा।

### निष्कर्ष : जब नारी आगे बढ़ती है, तो राष्ट्र प्रगति करता है

'नारी सिर्फ जननी नहीं — वह परिवर्तन की जनक है।'

एक समावेशी और न्यायसंगत समाज तभी संभव है जब नारी को न केवल मंच मिले, बल्कि निर्णय लेने का अधिकार भी मिले।

आज आवश्यकता है कि हम नारी को देवी नहीं, नागरिक समझें — जिसमें उसके अधिकार, अवसर और स्वतंत्रता सुनिश्चित हों।

## अंकों की होड़ से कुंठित होती प्रतिभाएं

भारत में बोर्ड परीक्षाएं, विशेष रूप से कक्षा 10 और 12 की, न केवल शैक्षिक उपलब्धियों का मापदंड मानी जाती हैं, बल्कि ये बच्चों, उनके परिवारों और समाज के लिए एक भावनात्मक और सामाजिक घटना भी हैं। इन परिणामों का प्रभाव बच्चों की मानसिक स्थिति, उनके आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा पर गहरा असर डालता है। मई–जून के महीने में हिंदुस्तान के हर घर में दस्तक देती है एक जिज्ञासा एक उत्सुकता, एक भय। हर माता–पिता, हर बोर्ड के एग्जाम में बैठा बच्चा हर बीतते हुए दिन को एक ओबसेसन, एक डिप्रेशन एक इनसिक्योरिटी में काट रहा होता है जकि क्या होगा? साथ ही, समाज में इन परिणामों को लेकर बनने वाली धारणाएं और अपेक्षाएं सामाजिक संरचना को भी प्रभावित करती हैं।

भारत में बोर्ड परीक्षा के परिणामों को अक्सर बच्चे की बुद्धिमत्ता और भविष्य की सफलता का पैमाना मान लिया जाता है। माता–पिता, शिक्षक और समाज की ओर से उच्च अंक प्राप्त करने का दबाव बच्चों में तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ा सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 60 प्रतिशत से अधिक किशोर परीक्षा परिणामों से पहले और बाद में मानसिक तनाव का अनुभव करते हैं।

अच्छे परिणाम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, लेकिन कम अंक या असफलता आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा सकती है। कई बच्चे समाज और परिवार की तुलनात्मक मानसिकता के कारण खुद को कमतर महसूस करते हैं, जिससे दीर्घकालिक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ सकते हैं। कक्षा 12 के परिणाम मनचाहे कॉलेज प्रवेश और करिअर विकल्पों को निर्धारित करते हैं। खराब परिणामों के कारण बच्चे भविष्य को लेकर अनिश्चितता और असुरक्षा का अनुभव करते हैं, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को और प्रभावित करता है।

कभी नहीं सुना गया कि अमेरिका में बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट आ रहे हैं या यूके में लड़कियों ने बाजी मार ली है या आस्ट्रेलिया में किसी छात्र के 99.5 प्रतिशत अंक आए हैं। माता–पिता इस तरह बच्चों को पाल रहे हैं कि कब उनकी अधूरी आकांक्षाएं पूरी होंगी। हमारे पूंजीवादी इनवेस्टर्स को कैसा कामगार चाहिए, इस हिसाब से शिक्षा और उसके उद्देश्य तय हो रहे हैं। एक परिवार सुख–चैन त्याग, दिन–रात खट के, संघर्षों, घोर परिश्रम में गुज़र जाता है। उस परिवार का पैसा और सहज जीवन इसलिये भेंट चढ़ जाता है क्योंकि आईटी को एक बेहतरीन सॉफ्टवेयर डेवेलपर चाहिए या किसी को बेस्ट ब्रेन चाहिए या कंपनी को बेहतरीन गेम डिजाइनर चाहिए। हमारी शिक्षा व्यवस्था व उसके आदर्श कहां खड़े हैं? हमारे स्कूल देश के आदर्श नागरिक नहीं, देश के बेहतर कामगार बनाने में दिन–रात एक करके जुटे हुए हैं और माता–पिता बच्चों को इंसान नहीं, एक मेकैनिकल डिवाइस बनाने को प्रतिज्ञाबद्ध हैं। बच्चों को सहजता से जीने दो, दुनिया भागी नहीं जा रही। उन्हें बेस्ट एम्प्लॉय नहीं, बेस्ट सिटीजन बनाने की कोशिश कीजिए। बच्चों की भी खुद से कुछ आकांक्षाएं होती हैं, अपने सपने होते हैं। उनका हमारे लिये कोई अर्थ नहीं, लेकिन बच्चों के लिये वे जन्नत से कम नहीं। हम उन्हें मनोरोगी न बनाएं। ये एक हताशा बढ़ाने वाला ही तो है—टॉपर्स की खबरें, उन्हें मिठाई खिलाते माता–पिता की फोटो। क्या ये एक सामान्य स्तर के छात्रों को मानसिक हीनता की अनुभूति नहीं देंगे? टॉपर तो सिर्फ दो–चार होंगे बाकी देश का बोझ तो 99 प्रतिशत इन्हीं फूल से कोमल सामान्य बच्चों ने ही उठाना है।

# पाक भारत के दम को आजमाने की भूल न करें

ललित गर्ग

भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम–जनता हो।

भारत ने पहलगाम के नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले का जिस पराक्रम एवं शौर्य से बदला लिया, लेकिन विडम्बना है कि उस एकदम स्पष्ट सन्देश से पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया, पाकिस्तान की ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भी अक्ल नहीं आयी। पाकिस्तान ऐसे कुत्ते की दूम है, जिसे चाहे कितना ही तरोड़ों–मरोडो वह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहने वाली है। लेकिन इस बार भारत ने एक बड़ा सबक लिया है कि पाक के किसी भी झांसे एवं घड़ियाली आंसुओं में वह नहीं आयेगा। इसीलिये भारत हर मोर्चे पर सतर्क एवं सावधान है। भारत ने गैर–सामरिक एवं सामरिक मोर्चे पर सर्तकता दिखाते हुए तमाम समीकरण ही नहीं बदले हैं बल्कि भारत की सुरक्षा एवं आतंकवाद के खिलाफ सख्ती को तीक्ष्ण धार दी है। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी एवं विध्वंसक प्रतिक्रिया ही होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा। भारत आतंकवाद एवं कश्मीर के मामले में किसी भी महाशक्ति की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत ने हाल की स्थितियों में जो भी निर्णय लिये स्व–विवेक से लिये, अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। पाक भारत के दम को कमतर न आंके और उसे आजमाने की भूल न करें।

भारत के कतिपय राजनीतिक दल एवं कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? भारत ने बड़ी जीत हासिल कर ली थी और उससे भी बड़ी जीत के लिये उसकी तैयारी थी तो संघर्ष विराम क्यों किया? इसका जवाब भारत के शीर्ष नेतृत्व ने एकदम सरल तरीके से दिया है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए। भारतीय सेना को छह–सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई–भारत से भी और अमेरिका से भी। लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई रोकने में कोई भूमिका नहीं थी।




भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम–जनता हो। भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाक दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी–130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाक के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। पाक के झूठे दावे अनेक बार तार–तार हुए है। अब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि आतंकियों और उनके आकाओं की कोई भी हरकत के परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे। भारत कभी झूकेगा नहीं, युद्ध जैसी स्थितियां अस्तित्व बचाने के लिये ही है, किसी पर आधिपत्य करने के लिये नहीं।

भारत–पाक के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए। यह दावा झूठा ही नहीं, बल्कि बेबुनियाद था। ट्रंप ने इसे संघर्ष विराम की संज्ञा देते हुए कहा कि मैंने व्यापार का हवाला देकर दोनों देशों की लड़ाई रोकी। इस पर भारत ने साफ कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति से व्यापार को लेकर कोई बात नहीं हुई। ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाक के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। इससे सिद्ध हो गया कि ट्रंप जो कुछ कह रहे, वह सही नहीं, राजनीतिक महत्वाकांक्षा का बेहूदा प्रदर्शन है।

भारत अभी भी पाक लिये सख्त बना हुआ है, क्योंकि उसकी भूलें अक्षम्य है। भारत की पाक के खिलाफ सख्त कार्रवाइयों में मुख्य हैं सबसे प्रमुख सिंधु जल समझौते को स्थगित करना, चूंकि पाक सिंचाई संबंधी आवश्यकता के लिए एक बड़ी हद तक सिंधु और उसकी सहायक नदियों के पानी पर निर्भर है, इसलिए भारत के फैसले से उसे बड़ा झटका लगना स्वाभाविक है। पाक की कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिए इस फैसले के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसके साथ ही भारत ने पाक के साथ तमाम व्यापारिक रिश्ते समाप्त कर दिये हैं। जिससे पाक की अर्थ–व्यवस्था प्रभावित हो रही है। भारत की ऐसी जवाबी कार्रवाइयों से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद पाक सुधरने को तैयार नहीं है। पाक की दुनियाभर में तीव्र भर्त्सना और निन्दा हो रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले रेजिस्टेंस फोर्स की लानत–मलानत ही हुई, पाक की किसी भी बात को तवज्जो नहीं दी गयी, बल्कि उसे फटकार लगी। पाक का टूटना बिखरना खयाली पुलाव नहीं, बल्कि यह उसके आतंकी षडयंत्रों की नियति है।

पहलगाम की घटना स्पष्ट रूप से यह एक सोची–समझी आतंकी साजिश थी। इसका मकसद सांप्रदायिक तनाव को भड़काना और कश्मीर में फल–फूल रहे पर्यटन को नुकसान पहुंचाना था। वहां शांतिपूर्ण चुनाव होने एवं चुनी हुई सरकार का सफलतापूर्वक चलना भी पाक के लिये नागवार गुजर रहा था। जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अथक प्रयासों से आ रही शांति एवं समृद्धि के दम पर हालात सामान्य होते जा रहे थे। उसे पाक आका एवं आतंकी छिन्न–भिन्न करना चाहते थे। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 25 मई को स्काई न्यूज पर साक्षात्कार में आतंकी ढांचे से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, 'हम तीन दशकों से आतंक को पालना–पोसने का गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन के लिए करते आए हैं।' पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी आतंकी ढांचे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए कहा कि पाकिस्तान का एक अतीत रहा है। जबकि वास्तविकता यही है कि आतंक पाक का अतीत ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी है। यह उसकी मौजूदा नीति है, इसी के तहत पाक समय–समय पर भारत की शांति को क्षत–विक्षत करने की कुचेष्ठा करता रहा है।

अपनी कार्रवाई में भारत ने नागरिक या सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन आतंकी ढांचे पर सटीक एवं प्रभावी प्रहार किया। अपनी विश्वसनीयता के लिए भारत ने साक्ष्य भी प्रस्तुत किए कि यह कोई खुफिया अभियान न होकर एकदम खुली चेतावनी थी। भारत अब भी अपनी बात पर कायम है कि अगर पाक शांति चाहता है, पडोसी धर्म को निभाना चाहता है तो पहले उसे अपने यहां आतंकी ढांचा समाप्त करना होगा। आतंक के साथ न वार्ता हो सकती है और न व्यापार। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। भारत का रुख एकदम स्पष्ट है और अब पाक को तय करना है कि वह क्या चाहता है। भारत पाक और चीन की कुचालों को समझता है, इसीलिये रक्षा परियोजनाओं में देरी पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की चिंता और सवाल वाजिब हैं। दोतरफा मोर्चे पर जूझ रही सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की भी जरूरत है। इसके लिए केवल विदेशी सौदों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, मेक इन इंडिया प्रॉजेक्ट के तहत भी उत्पादन बढ़ाना होगा। इन्हीं जरूरतों को देखते हुए भारत अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने में जुटा है। लेकिन भारत युद्ध नहीं चाहता, शांति एवं अमन ही उसका लक्ष्य है। भारत ने वैसे भी 'नो फर्स्ट यूज' की नीति अपना रखी है यानी देश परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। किसी ऐसे मुल्क के खिलाफ भी भारत एटमी वेपन नहीं निकालेगा, जिसके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। भारत ने यह ताकत हासिल की है सुरक्षा के लिए, आक्रामकता दिखाने और आक्रमण के लिए नहीं।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3550



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3549 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक घर से पति–पत्नी के हँसने की कुछ ज्यादा ही आवाजें आती रहती थीं। मोहल्ले के कई लोग एकत्र होकर उनके यहाँ खुशहाली का राज जानने को पहुँचे।

मोहल्ले वालों की जिज्ञासा को शांत करते हुए पति बोला– बहुत सरल है, हमारे यहाँ मेरी बीबी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं...! अगर मुझे लग जाता है तो वो हँसती और नहीं लगता है तो मैं हँसता हूँ।

□ □ □

एक बार रीमा बन–ठनकर पिक्चर देखने जा रही थी। तभी एक सहेली मिल गई। रीमा का ठाठ–बाट देखकर बोली– 'अ...हा...आ हाथों में हीरों की चूड़ियाँ, कानों में हीरे के टॉप्स, गले में हीरों का हार, यह बनारसी साड़ी क्यों, क्या तुम्हारे पति ने नौकरी कर ली है?'

रीमा बोली– 'नहीं गीता, मैंने पति बदल लिया है।'

□ □ □

चमन (नरेश से)– सुना है तुमने एक उपन्यास लिखा है?

नरेश– हाँ! एक बहुत अच्छा उपन्यास लिखा तो है।

चमन– कुछ बिके भी है?

नरेश– हाँ, बिके है न..। इस उपन्यास को प्रकाशित करने में मेरी अँगूठी, स्कूटर, बीवी की चूड़ियाँ और मंगलसूत्र जैसी कई चीजें बिक गई है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3550



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'आँखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3549



## सूडोकु -3550

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3549 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्द पहेली - 3550



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला–बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली - 3549 का हल



# यूपी-रेरा का अलर्ट : बिना रेरा रजिस्ट्रेशन वाले प्रोजेक्ट्स से घर खरीदना खतरनाक !

**विशाल इंडिया संवाददाता**

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश रेरा (यूपी-रेरा) ने प्रदेश के घर खरीदारों और निवेशकों को फिर चेताया है — बिना रेरा रजिस्ट्रेशन वाले प्रोजेक्ट्स में निवेश न करें। ऐसे प्रोजेक्ट्स न केवल गैरकानूनी होते हैं, बल्कि आपकी जीवनभर की कमाई को भी जोखिम में डाल सकते हैं।

### कैसे होते हैं ये अवैध प्रोजेक्ट बाजार में सक्रिय?

1. रेरा में पंजीकरण नहीं कराते और फिर भी बुकिंग शुरू कर देते हैं।
2. ब्रोशर, होर्डिंग्स और सोशल मीडिया पर झूठे दावे करते हैं।
3. प्राधिकरण और प्रशासन की अनदेखी या मिलीभगत से बच निकलते हैं।




### क्या नुकसान हो सकता है?

- पैसे का नुकसान – कानूनी संरक्षण नहीं मिलता।
- ओसी/सीसी नहीं मिलने का खतरा – कब्जा या बिजली-पानी जैसी सुविधाएं बाधित हो सकती हैं।
- कोई बैंक लोन नहीं मिलेगा।
- रीसेल में भारी दिक्कतें होंगी।

### क्या करें खरीदार?

- www.up-rera.in पर जाकर प्रोजेक्ट और प्रमोटर का स्टेटस चेक करें।
- रेरा रजिस्ट्रेशन नंबर, परियोजना की प्रगति रिपोर्ट, और शिकायतों की संख्या जरूर देखें।
- किसी भी ब्रोशर या वादे पर आँख मूंदकर भरोसा न करें।

### रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा

रेरा आपके हितों की रक्षा के लिए है, लेकिन तभी जब आप भी जागरूक हों। अधूरी जानकारी या जल्दबाज़ी में निवेश करना नुकसानदायक हो सकता है।

### मदद के लिए संपर्क करें

- लखनऊ कार्यालय : 9151602229, 9151642229
- एनसीआर कार्यालय : 9151672229, 9151682229
- पोर्टल : https://www.up-rera.in/ReraSamvaad

### सवाल जिंदा है

अगर रेरा ने चेतावनी दी है, तो नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर बिना पंजीकरण वाले प्रोजेक्ट्स के होर्डिंग्स कैसे लग रहे हैं?

क्या रियल एस्टेट माफिया को प्रशासन का मौन समर्थन प्राप्त है?

# ग्रेटर नोएडा में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## सोसायटी से बाइक चुराकर देहात में बेचते थे, सरगना समेत 4 गिरफ्तार



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने न्यू हैबतपुर ठेके के पास से गिरोह के सरगना रोहतास समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की 25 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी की वारदातें हो रही थीं। सीसीटीवी फुटेज में चोर नजर आए। जांच में पता चला कि आरोपी सोसायटी में गार्ड और दुकानदारों से दोस्ती कर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने रोहतास के अलावा चांद, कालेश और रामकुमार को गिरफ्तार किया है।

आरोपी चोरी की बाइक को पहले सुनसान जगह पर छिपाते थे। फिर देहात में ले जाकर बेच देते थे। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

## शार्ट न्यूज

### उपभोक्ता से दुर्व्यवहार के मामले में बाबू निलंबित

**नोएडा।** विद्युत निगम ने शिकायत लेकर पहुंचे उपभोक्ता से कथित दुर्व्यवहार के मामले में मंगलवार को आरोपी बाबू विनित शर्मा को निलंबित कर दिया। मुख्य अभियंता ने इस मामले की जांच का जिम्मा अधीक्षण अभियंता प्रथम विवेक पटेल को सौंपा था। जांच में दोषी पाए जाने के बाद बाबू के खिलाफ कार्रवाई की गई। अधीक्षण अभियंता विवेक पटेल ने बताया कि इस मामले में बाबू पर उपभोक्ता की शिकायत को नजरअंदाज करने और असम्मानजनक व्यवहार करने का आरोप था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल हुआ था। वीडियो में दिख रहा है कि दो उपभोक्ता बिजली बिल से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय पहुंचे।जहां बाबू ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया और अभद्रता की। इसकी शिकायत उपभोक्ताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर ऊर्जा मंत्री से भी की थी। इसके बाद मुख्य अभियंता एसके जैन ने इस मामले की जांच अधीक्षण अभियंता प्रथम विवेक पटेल को सौंप कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे ने जान दी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की फ्यूजन होम सोसाइटी में रहने वाले सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे ने सोमवार की रात खुदकुशी कर ली। पुलिस जान देने का कारण मानसिक तनाव बता रही है। हालांकि, युवक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फ्यूजन होम सोसाइटी में उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त दरोगा परिवार के साथ रहते हैं। उनके 33 वर्षीय बेटे अमित कुमार मिश्रा ने सोमवार की रात अपने कमरे में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। घटना के समय परिवार के लोग बाहर गए थे।परिवार के लोग घर लौटे तो अमित को पंखे से लटका देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या का कारण मानसिक तनाव बताया जा रहा है।

### आकर्षक नंबरों की नीलामी के नतीजे जारी

**नोएडा।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16 ईजेड के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी के नतीजे मंगलवार को जारी हो गए। पहली बार की नीलामी में 35 नंबर बिके। लोग परिवहन विभाग की वेबसाइट www.parivahan.gov.in पर लोग नतीजे देख सकते हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक एक, दो, तीन, चार, पांच समेत अन्य नंबरों की लोगों ने बोली लगाई है। विभाग के अनुसार पहली बार की नीलामी के बाद बचने वाले नंबरों के लिए बुधवार से फिर से पंजीकरण और बोली की प्रक्रिया शुरू होगी। नीलामी के नतीजे जारी होने के बाद बचे नंबर पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर वाहन मालिक बुक कर सकेंगे।इसमें नंबर के लिए निर्धारित आधार मूल्य ही जमा करना होगा। वहीं सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबर भी बुक करने की सुविधा है। इसमें दोपहिया वाहन के लिए एक हजार रुपये और चार पहिया वाहन के लिए पांच हजार रुपये शुल्क निर्धारित है।

### कर्मचारी वेतन के लिए हड़ताल पर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन माइवुड्स सोसाइटी में इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कारपेंटर सहित अन्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उनका आरोप है कि बिल्डर प्रबंधन ने दो महीने से वेतन नहीं दिया है। वेतन न मिलने के कारण घर खर्च चलाने में मुश्किल हो रही है। बच्चों की फीस जमा करनी है। साथ ही घर का राशन भी खत्म हो रहा है। बिल्डर प्रबंधन से बात करने पर केवल आश्वासन मिलता है। जब तक वेतन नहीं मिलेगा, उनकी हड़ताल समाप्त नहीं होगी। वहीं, सोसाइटी में रहने वाले अनिल ने बताया कि कर्मचारियों को हड़ताल पर बैठने के कारण सोसाइटी की व्यवस्थाएं खराब हो रही हैं।आरोपहै कि लोगों के जिला प्रशासन से लिफ्ट की शिकायत करने पर पता चला कि बिल्डर प्रबंधन पर लिफ्ट एजेंसी का 45 लाख रुपये बकाया है। टावर 10,11और 12 की लिफ्ट खराब हैँ। इस संबंध में बिल्डर प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो पाई।

### स्वास्थ्य संरक्षण केंद्र का शुभारंभ

**नोएडा।** सेक्टर-12 में स्थित सूर्या संस्थान परिसर में पीएचडी फैमिली वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित हुए स्वास्थ्य संरक्षण केन्द्र का शुभारंभ सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने किया। यहां पर अल्प आय वर्ग के नागरिकों को फिजिशियन, दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा एवं अस्थि चिकित्सा का निशुल्क उपचार मिलेगा। इसमें सूर्या संस्थान का भी सहयोग रहेगा। सांसद ने इसके लिए संस्था को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र के खुलने से लोगों को इसका खासा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुराधा गौतम, सूर्या संस्थान संस्था के अध्यक्ष पद्मश्री शीला झुनझुनवाला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डा. दया प्रकाष सिन्हा, उपाध्यक्ष, डॉ. रामशरण गौड़, मंत्री देवेन्द्र मितल, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### सोसाइटी में बनी गौशाला अस्थाई रूप से बंद

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज-2 सोसाइटी में बनी गौशाला को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। लोगों ने बिल्डर प्रबंधन के साथ बैठक होने के बाद यह निर्णय लिया। बिल्डर ने जल्द सोसाइटी में फीडिंग प्वाइंट बनाने का आश्वासन दिया है। सोसाइटी में रहने वाले राजकुमार ने बताया कि कुत्तों के आतंक के विरोध स्वरूप कुछ दिनों पहले सोसाइटी में स्थाई रूप से गौशाला शुरू की गई। चार टावरों के सामने गायों के लिए चारा खिलाने की व्यवस्था की गई। लोगों का कहना था कि जब लावारिस कुत्ते लोगों पर हमला करने के बाद भी सोसाइटी में रहते हैं तो गाए ही क्यों सड़कों पर घूमें।इसे लेकर रविवार को बिल्डर प्रबंधन और लोगों के बीच एक बैठक हुई। इसमें लावारिस कुत्तों के आतंक के बारे में बताया गया। बैठक में बिल्डर प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सोसाइटी में फीडिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे।

### एक दिन में कोरोना के 45 मरीज मिले

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को कोरोना संक्रमित 45 नए मरीजों की पुष्टि की। इस वर्ष एक दिन में संक्रमितों की यह संख्या सबसे अधिक है। होम आइसोलेशन और अस्पताल से अब तक छह मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। नए संक्रमित मरीजों में से 44 का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। एक मरीज निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा है। नए मरीजों में तीन परिवार के 10 से अधिक सदस्य संक्रमित हैं। 18 साल से कम उम्र के भी तीन मरीजों में कोरोना संक्रमण मिला। जिले में पिछले 11 दिनों में 108 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं।इनमें से 102 सक्रिय मरीज हैं। इन मरीजों में से 54 मरीज पुरुष और इतने ही महिलाएं हैं। मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जांच नहीं की गई है। जिला निगरानी अधिकारी टीकम सिंह ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज भी गंभीर नहीं है, बल्कि एहतियात के लिए मरीज अस्पताल में इलाज करवा रहा है। होम आइसोलेशन में सभी मरीजों की हालत स्थिर है।

# विदेश में तेल कारोबार के नाम पर ठगे 20 लाख



**नोएडा।** साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के लाजिस्टिक कारोबारी को विदेश में तेल उपलब्ध कराने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने ही नए कारोबार का आइडिया दिया, डीलर उपलब्ध कराया और सैंपल पास कराकर डील करवाई। कर के रूप में और धनराशि मांगी तो पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित की बेटी ने साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ठगों की पहचान और तलाश में जुटी है। ये पैसा छह बैंक खातों में ट्रांसफर कराए गए।

ग्रेटर नोएडा सेक्टर दो के रहने वाले लाजिस्टिक कारोबारी शैलेंद्र सिंह के पास 15 मई को एला फिलिप्स नामक महिला ठग ने मेल किया था। उसने खुद को अमेरिकी कंपनी हेल्थ केयर लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड की कर्मी बताया था। उसने उनको वैक्सीन बनाने में प्रयुक्त तेल (ट्राइफासिआटा एफएक्स तेल सोल्यूशन एक्सट्रेक्ट) का व्यापार करने का आइडिया दिया। विदेश में आपूर्ति करने पर 70 प्रतिशत का लाभ होना बताया। इसमें से 30 प्रतिशत एला को और शेष 40 प्रतिशत लाभ शैलेंद्र को मिलना तय हुआ।

# नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी में मिलेगी 24 घंटे बिजली

## 132/33 केवी के दो सबस्टेशनों को मंजूरी, 220 केवी से होंगे कनेक्ट




**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का शिलान्यास इसी माह होने की उम्मीद है। फिल्म सिटी के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो इसके लिए यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 132/33 केवीए के दो सब स्टेशन को मंजूरी दी है। प्राधिकरण ने इसके लिए डेडिकेटेड बिजली घर बनाने पर विचार किया है। ताकि रात के समय स्टूडियो में फिल्मों की शूटिंग प्रभावित ना हो। फिल्म सिटी एयरपोर्ट के बिल्कुल नजदीक है। यहां पर कई ऐसी सुविधाएं विकसित होंगी, जो रात में इसे अलग पहचान देंगी। इनके लिए भी बिजली की जरूरत पड़ेगी।

### औद्योगिक सेक्टरों में दो लाइन खींचेंगी

यमुना प्राधिकरण ने औद्योगिक सेक्टर- 24, 24ए, 30, 31, 32, 33 में भी निर्बाध आपूर्ति के लिए प्लान तैयार किया है। इन सेक्टरों में उद्योगों को गति देने के लिए यहां हाईटेंशन व लॉ टेंशन लाइन खींची जाएगी, ताकि एक लाइन में खराबी होने पर भी आपूर्ति ठप न पड़े। बता दें कि बिजली की ट्रिपिंग और आपूर्ति ठप होने से उद्योग को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। कई बार मशीनें तक खराब हो जाती है। नोएडा व ग्रेनो में उद्यमी लंबे समय से यह समस्या झेल रहे हैं।

### 220 केवी से जुड़ेंगे सब स्टेशन

सेक्टर-28 में 220 केवीए का बिजली घर बनने जा रहा है। फिल्म सिटी के लिए बनने वाले नए स्टेशन को यहीं से आपूर्ति मिलेगी। वहीं, सेक्टर-10 में इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर को मंजूरी मिल चुकी है। हेवेल्स कंपनी बतौर एंकर यूनिट के तौर पर यहां 800 करोड़ का निवेश करेगी।

इसके लिए सेक्टर-32 में पहले से बिजली घर बना हुआ है। यहां से सेक्टर-10 में बनने वाले नए बिजली घर को आपूर्ति दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर में बिजली की सबसे ज्यादा उपयोगिता है।

# एनटीपीसी दादरी में स्वच्छता पखवाड़ा का सफल आयोजन

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** एनटीपीसी दादरी परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन पूर्ण उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस दौरान कई रचनात्मक और प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित हुए।



पखवाड़े की शुरुआत शपथ ग्रहण से हुई, जिसके बाद टाउनशिप व आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और स्वच्छता पदयात्रा का आयोजन हुआ। टाउनशिप स्थित महिलाओं हेतु निबंध प्रतियोगिता रखी गई। ढुझ्झढु ऊंचा अमीरपुर में विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरवेश्वर मंदिर सहित विभिन्न स्थलों की सफाई की गई।

सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर रोकथाम हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। सफाईकर्मियों के लिए हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। आसपास के गांवों में सफाई अभियानों के साथ डस्टबिन वितरित किए गए। जल संरक्षण व खुले में आग जलाने से रोकथाम हेतु जनजागरूकता व्याख्यान एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। GEM प्रतिभागियों द्वारा वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान भी संचालित किया गया। यह पखवाड़ा जन-सहभागिता, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणास्पद उदाहरण रहा, जो स्वच्छ भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# नोएडा में बायोडायवर्सिटी, डियर पार्क के साथ श्मशान घाट

## रेजिडेंट्स की शिकायत पर रोका गया काम

**नोएडा।** सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क के पास निर्माणाधीन श्मशान घाट बन रहा है।

रेजिडेंट्स की शिकायत के बाद प्राधिकरण सीईओ ने इसका काम रुकवा दिया। ये श्मशान घाट पार्क के पास है और रेजिडेंट सोसाइटी से करीब 100 मीटर दूरी पर है।

इसी के पास प्राधिकरण का प्रस्तावित डियर पार्क का भी निर्माण होना है। जिसमें नाइट सफरी भी होगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है प्राधिकरण ने ही श्मशान घाट के लिए जमीन नियोजित की है।

यहां वर्तमान में दो शवों का एक साथ दाह संस्कार किया जा सकता है। जियोग्राफिक देखा जाए तो बायोडायवर्सिटी पार्क के गेट-2 से प्रवेश के साथ ही 50 मीटर लेफ्ट पर एक लोहे का गेट से जिससे श्मशान घाट में प्रवेश किया जा सकता है। दोपहर को इसी घाट पर ग्रामीण और सेक्टर वासी आमने सामने आ गए।

# खून से लथपथ प्रॉपर्टी डीलर पर थार चढ़ाई

## नोएडा में उछलकर 3 फीट दूर नाली में गिरा; जमकर पीटा, ईंटों से हाथ कूचा

**नोएडा।** नोएडा में प्रॉपर्टी डीलर को 20-25 युवकों को पीटा। जमीन पर गिराकर लात-घूंसे बरसाए। चेहरे-सिर पर डंडे मारे। हाथों को ईंटों से कूचा। सिर और पीठ पर भी ईंट मारे। खून से लथपथ युवक जब जाने लगा तो उसे कुचलने की कोशिश की। तेज टक्कर लगते ही युवक 3 फीट उछलकर नाली में गिरा। वो चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर भीड़ दौड़कर आई। उसे नाली से निकालकर अस्पताल भेजा गया।

लोगों ने थार सवार को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन, तब तक वो गाड़ी लेकर भाग गया। प्रॉपर्टी डीलरों का इंस्टाग्राम पर कमेंट को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना सोमवार दोपहर 3 बजे की नोएडा सेक्टर-53 की है। वीडियो आज सामने आया है।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

वीडियो में दिख रहा है कि घायल हालत में एक युवक हाथ में ईंट लिए हुए सड़क पर जा रहा है। उसके माथे



पर चोट है, जिससे खून निकल रहा है। कुछ ही सेकेंड में पीछे से तेज रफ्तार थार युवक को टक्कर मारती है। वो सीधे नाली में जाकर गिरता है। आसपास के लोगों ने उसे नाली से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल और अस्पताल पहुंची। पीड़ित सौरभ ने पुलिस को शिकायत दी है।

पुलिस से घायल युवक सौरभ ने बताया- मैं और सुमित दोनों भाई हैं। हम दोनों कंचन जंगा बाजार होते हुए लॉजिक्स मॉल की तरफ जा रहे थे। इस दौरान बिजली घर के पास आकाश अवाना, अमन अवाना, गौरव चौहान और कुनाल चौहान ने उनको रोक लिया।

इन लोगों ने हमारे साथ मारपीट की। इसके बाद थार से मुझे टक्कर मार दी। फिर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हम लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। सेक्टर-49 के रहने वाले है।

# विकासखंड दादरी एवं बिसरख में एफपीओ के गठन हेतु जिला मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई संपन्न

## विकासखंडों में प्रमुख फसलों के अनुमोदन हेतु किया गया गहन विचार विमर्श

**गौतम बुद्ध नगर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के अध्यक्षता में आज कलेक्ट सभागार में कृषक उत्पादक संगठन (एफ0पी0ओ0) के प्रोत्साहन एवं निर्देशक राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमान खेडा लखनऊ द्वारा जनपद में चयनित सी0बी0बी0ओ0 अभिनव विकास समिति 6/46 विपुलखण्ड गोमती नगर लखनऊ को विकासखण्ड दादरी एवं बिसरख में एफ0पी0ओ0 के गठन हेतु जिला मॉनटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपरोक्त विकासखण्ड में प्रमुख




फसलों के अनुमोदन हेतु विचार-विमर्श किया गया साथ ही जनपद में पूर्व से संचालित कृषक उत्पादक संगठन (एफ0पी0ओ0) 19 क्रियाशील हैं, उनके एफ0पी0ओ0 से जुडी परेशानियों एवं कठिनाईयों को सुना गया। निस्तारण हेतु प्रयास किया गया।

उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद में गठित एफ0पी0ओ0 को एफ0पी0ओ0 से जुड़े कृषकों को बीमा कराने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, पशु चिकित्साधिकारी द्वारा जनपद में संचालित की जा रही पशुधन योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ पशुओं का बीमा कराने हेतु भी प्रेरित किया गया।

बैठक में जिला प्रबन्धक नाबार्ड जिला उद्यान अधिकारी, ज्येष्ठ विपणन निरीक्षक एवं सहायक निदेशक मत्स्य अधिकारी के साथ-साथ जनपद में संचालित एफ0पी0ओ0 के डायरेक्टर उपस्थित रहे।

# गौतम बुद्ध नगर में एआरपी पदों पर चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**गौतम बुद्ध नगर।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने जानकारी दी है कि परिषदीय शिक्षकों के लिए जेवर एवं दनकौर में ए.आर.पी के रिक्त पदों पर चयन किया जाना है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जेवर एवं दनकौर में हिंदी विषय के 01, सामाजिक विज्ञान के 02, गणित के 01 तथा अंग्रेजी विषय के 01 ए.आर.पी. पद के लिए योग्य परिषदीय अध्यापकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक शिक्षक दिनांक 001 जून 2025 से 10 जून 2025 की सायं 5ः00 बजे तक अपना आवेदन डाक, व्यक्तिगत रूप से अथवा ईमेल (bsagbn @gmail.com) के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# आईजीआरएस निपटारा में नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल

## पहले नंबर पर रहे 27 थानों की रैंक, रिस्पांस टाइम में दूसरा स्थान

नोएडा। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निपटारा में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के सभी 27 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से मई माह की मूल्यांकन रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है। रैंकिंग संबंधी जानकारी जिला पुलिस की मीडिया सेल की ओर से दी गई है। वहीं रिस्पांस टाइम के लिए प्रदेश में दूसरा स्थान मिला। बीते एक साल से रैंकिंग में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का दबदबा बना हुआ है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर महीने के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है। जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है।

प्रथम रैंक नागरिक संतुष्टि का मापदंड भी है। कमिश्नरेट गौतम बुद्धनगर पुलिस की तरफ से ऐसे ही सभी नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# यूपी के 19 शहरों का मौसम बदला, वाराणसी-बरेली में बारिश

## संभल में ओले गिरे, आंधी से रेलवे फाटक पर पेड़ गिरा; कल 60 शहरों में अलर्ट

**उत्तर प्रदेश।** यूपी के मौसम में बदलाव जारी है। मंगलवार को प्रदेश के 19 शहरों में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। शाम को बरेली और वाराणसी में हवा के झोंके के साथ बरसात हुई। सबसे ज्यादा 8 मिमी बरसात अलीगढ़ में हुई।

लखीमपुर खीरी में सुबह तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। शाम को संभल में भी बारिश हुई। संभल में आंधी इतनी तेज थी कि रेलवे फाटक पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। इससे फाटक पूरी तरह से बंद हो गया। वन और रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पेड़ को हटाने के लिए काम चल रहा है। बारिश के साथ ओले भी गिरे। सड़कों पर पानी भर गया।

गाजीपुर में दिलदारनगर, सेवराई समेत कई क्षेत्रों में बारिश हुई। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। पिछले दो दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर बना हुआ था।

इससे पहले बलरामपुर में सुबह करीब 10 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। काले बादल छा गए और हल्की बारिश हुई। आगरा, कानपुर, प्रयागराज और लखनऊ में सुबह से बादल छाए रहे। लखनऊ में हल्की बारिश भी हुई।

मौसम विभाग ने आज 34 जिलों में



बारिश का अलर्ट जारी किया था। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हवा चलने का अनुमान था। मौसम विभाग का कहना है कि पाकिस्तान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने से मौसम में बदलाव हुआ है। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव ने कहा- बारिश से तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट आएगी। अगले 3 दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

### लखनऊ में सुबह से बादल छाए

लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि देर रात तक आंधी आ सकती है। जिसकी रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। दिन में अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहने की संभावना है।

### कानपुर में बूंदाबांदी

कानपुर में मौसम रात से ही बदला हुआ है। मंगलवार सुबह बूंदाबांदी हुई। घने बादल छाए हुए हैं। सोमवार को पूरे दिन बादलों की आवाजाही बनी रही। वहीं, शाम को कुछ क्षेत्रों में 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। पूरी रात बादलों की आवाजाही बनी रही।

### रामपुर में बारिश, सड़कों पर भरा पानी

रामपुर के बिलासपुर में मंगलवार शाम करीब 5 बजे मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काले बादल छाए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। सड़कों पर पानी भर गया। लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई।

# अयोध्या में युवक की हत्या

## सेना की तैयारी कर रहा था; कोतवाली से 250 मीटर दूर वारदात

**अयोध्या।** अयोध्या में सेना की तैयारी कर रहे 22 साल के युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसका शव छह टुकड़ों में मिला। हाथ-पैर, गर्दन और धड़ अलग-अलग थे। युवक घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। पिता रात में जनरेटर में पानी डालने के लिए उठे। उनकी नजर चारपाई के नीचे बह रहे खून पर पड़ी। यह देखकर वह चौंक गए। फिर बेटे के पास गए तो देखा कि उसकी लाश चारपाई पर टुकड़ों में पड़ी





थी। इसके बाद वह चीख पड़े। शोर सुनकर घरवाले दौड़कर पहुंचे। घरवालों की सूचना पर सोमवार रात ढाई बजे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। घरवालों ने युवक के सगे चाचा और पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है।

वारदात बीकापुर कोतवाली से सिर्फ 250 मीटर की दूरी पर हुई। सुबह पिता रोते-रोते बेहोश हो गए। घरवालों ने पानी के छींटे मारकर उन्हें होश में लाया। बहन भी रो-रोकर बेसुध हो गई। वह बार-बार कह रही थी- भइया, कहां चले गए?

## विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र के बिरौरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मंगलवार दोपहर को 25 वर्षीय आरती देवी का शव उनके कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। आरती की शादी 12 जून 2019 को कोमल के साथ हुई थी। कोमल दिल्ली में नौकरी करता है और 10 दिन पहले ही वह घर से दिल्ली गया था। मृतका के पीछे 3 वर्ष की बेटी अनन्या और 14 माह का बेटा राज हैं। प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र से आए मृतका के भाई अमित कुमार ने बताया कि उनकी बहन के शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं।

## पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को पैदल गश्त कर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को जायजा लिया। इस दौरान सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए लोगों को चेतावनी दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा करना पहली प्राथमिकता है। पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा की एहसास कराया गया है। उन्होंने बताया कि रात को पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त करती है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य चौराहों पर पैदल गश्त की। यह गश्त शहर की सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने और अपराधों पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से की गई। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से बातचीत की और उन्हें सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल को निर्देश दिए कि वे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और स्थानीय लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। इस प्रकार की गश्त से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और अपराध पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा।

# आगरा में पत्नी-बेटी की हत्या कर पति भागा

### गला दबाकर ईंट से चेहरा कूचा, पड़ोसी बोले- दोनों में अक्सर झगड़ा होता था

**आगरा।** आगरा में मां-बेटी की हत्या कर दी गई। पति फरार है। उसी पर पत्नी और बेटी की हत्या का आरोप है। मामला थाना इरादतनगर के वृथला गांव का है। पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

वृथला गांव में कृष्णकांत अपने परिवार के साथ रहता है। परिवार में पत्नी कृष्णा और 3 बच्चे थे। डीसीपी ईस्ट अली अब्बास ने बताया- दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कृष्णकांत की पत्नी कृष्णा और बेटी लाडो की हत्या हो गई है। पुलिस पहुंची, तो घर में मां और बेटी की लाश पड़ी थी।

डीसीपी ने बताया- कृष्णा के चेहरे पर चोट के निशान थे। गले पर भी निशान मिले हैं। ऐसा लग रहा है कि गला दबाने के बाद ईंट से चेहरे को कूचा गया है। वहीं, बच्ची के मुंह से झाग निकल रहा था। पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे कृष्णकांत को घर से बाहर जाते देखा था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं है। पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था।

### दुकान का कर्मचारी चाबी लेने पहुंचा तब वारदात का पता चला

आरोपी पति कृष्णकांत की गांव में ही ज्वेलर्स की दुकान है। दोपहर करीब 12 बजे दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी पहुंचा, तो दुकान बंद थी। इस पर कर्मचारी घर पहुंचा। घर में दरवाजा खुला था। आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला, तो घर के अंदर चला गया।

वहां देखा तो कमरे में मां का शव खून से लथपथ पड़ा था। वहीं बेटी के मुंह से झाग निकल रहा था। फिर उसने पुलिस को सूचना दी।

## लखनऊ में क्लासमेट ने की छात्रा के अपहरण की कोशिश

लखनऊ। लखनऊ के कैसरबाग इलाके में सहपाठी ने छात्रा को अगवा करने का प्रयास किया। बहन के चिल्लाने पर भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद आरोपी लड़की छोड़कर फरार हो गए। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। नजरबाग कैसरबाग निवासी इमरान अहमद शेख ने बताया कि रविवार शाम करीब 7.30 बजे बहन साजिया और सानिया शेख घर से सामान लेने के लिए निकली थीं। मोहल्ले से बाहर पहुंची थी तभी पीछे से ऑल्टो कार से आए दो लड़कों ने गाड़ी आगे लगा दी। दोनों लड़के साजिया को जबरदस्ती कार में खींचकर बैठाने लगे। इस पर सानिया ने विरोध किया तो उसे धक्का देकर गिरा दिया। साजिया को कार में बैठाकर भागने की कोशिश में थे तभी सानिया ने शोर मचा दिया तो भीड़ जमा हो गई। मोहल्ले के कुछ लोग भागकर पहुंचे और साजिया को उनके चंगुल से छुड़ाया। मौका पाकर दोनों लड़के भाग निकले।

# यूपी के 5 सरकारी डॉक्टर बर्खास्त

## डिप्टी सीएम के आदेश पर प्रमुख सचिव का एक्शन, रोगियों के प्रति असंवेदनशील थे

**लखनऊ।** रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार और काम में लापरवाही बरतना 5 डॉक्टरों को भारी पड़ा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### इन 5 डॉक्टरों पर हुआ एक्शन

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशान्त कुमार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को इन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थी।

डिप्टी सीएम ने बताया कि अपर निदेशक, लखनऊ मंडल ने 30 मई को आकस्मिक निरीक्षण कराया। निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानान्तरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश प्रमुख सचिव को दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की गयी है।

अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी 2025 को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया।

रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूर्ण करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी।

उन्होंने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। लिहाजा दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

### लंबे समय से गैर हाजिर रहने पर हुआ था एक्शन

इस दौरान डॉ.बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय और डॉ.संदीप कुमार को आजमगढ़ मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है। लखनऊ के लोक बन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ.ऊषा चन्द्रा बिना सूचना अनधिकृत रूप से गैरहाजिर हैं। उनके विरूद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

# शिकायतों के निस्तारण में झांसी रेंज ने तीसरी बार किया टॉप

## रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध कराएं विधिक निस्तारण

**ललितपुर।** झांसी माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह मई 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी केशव कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह मई 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत



समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- मई 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने लगातार तीसरी बार प्रथम रैंक प्राप्त की है।

डी.आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ.नि. राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु.आ. देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

## नशा देकर युवती की अश्लील वीडियो बनाई

**झांसी।** झांसी में नशीला पदार्थ खिलाकर युवती की अश्लील वीडियो और फोटो खींचने का मामला सामने आया है। दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी और 3 साल से बात हो रही थी। आरोप है कि युवक शादी का दबाव बना रहा है। बात करना बंद किया तो उसने अश्लील वीडियो और फोटो सबको भेज दी। बात नहीं करने पर बदनाम करने और पिता-भाई को मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले फैज कुरैशी पुत्र गुलफन कुरैश से दोस्ती हुई थी। पिछले 3 साल से दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। वो उसे मिलने के लिए बुलाता था और वीडियो व फोटो बना लेता था। संबंध बनाने के लिए भी बोलता था। कुछ समय पहले उसने नशीला पदार्थ खिलाकर युवती की अश्लील वीडियो और फोटो बना ली। अब वह शादी करने का दबाव बना रहा है। इससे युवती ने उससे बात करना बंद कर दिया। आरोपी फैज ने सोशल मीडियो अकाउंट हैक करके फोटो-वीडियो सबको भेज दिए।

## शार्ट न्यूज

### अनियंत्रित होकर पलटा रिफाइंड तेल से भरा टैंकर, लूटने वालों की लगी होड

**महेश सिंह विशाल इंडिया**



मंगलवार की सुबह रिफाइंड तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। जिससे रिफाइंड तेल खेतों में फैल गया। तेल खेत के गड्ढों में भर गए। ट्रैंकर को पलटा देख आसपास के लोगों ने तेल लूटने के लिए बोतल, पिपिया आदि बर्तन लेकर पहुंच गए। व खेत के गड्ढों से तेल भरते दिखे। दूसरी तरफ हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरी घटना कमरौली थाना क्षेत्र के कठौरा के पास की है।

### 103 से ज्यादा वाहनों के किए चालान



**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया. इस दौरान शराब के नशे में गाड़ी चलाने वालों को पकड़ा गया, बिना नंबर प्लेट/फॉल्टी नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए 103 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा बिना नंबर प्लेट/फाल्टी नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, ड्रिंक × ड्राइव, ब्लैक फिल्म के खिलाफ अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

### बहादुर सिपाही को एसपी मो0 मुस्ताक ने 25000,रु0 से किया सम्मानित



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा आरक्षी को अपने पदीय दायित्वों/कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने व साहस की शानदार मिशाल पेश करने के लिये उत्साह वर्धन हेतु 25000/- रु0 का नगद इनाम व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया । थाना जाखलौन क्षेत्रान्तर्गत उ0प्र0 शासन की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिनांक 25.05.2025 को देवगढ़ जंगलों के बीचो-बीच स्थित बौद्ध गुफा के पास मधुमक्खियों के झुंड द्वारा निरीक्षण करने वाले अधिकारियों पर अचानक हमला कर दिया गया था, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई थी । सीडीओ, ललितपुर कमलाकांत पांडे के गनर के पद पर तैनात का0 चन्द्रपाल बघेल द्वारा अत्यंत साहसिक एवं प्रशंसनीय कार्य किया गया।

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए मंगलवार को जोन-5, जोन-6 और जोन-7 में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। मुंशी पुलिया से लेकर पिकनिक स्पॉट तक कार्रवाई हुई। बालागंज और दुबग्गा में भी अभियान चलाया गया। जोन-7 में जोनल अधिकारी श्री आकाश कुमार के नेतृत्व में मुशीपुलिया सेक्टर-13 और पिकनिक स्पॉट रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान 1 ठेला, 2 ठेलियां, 2 गुमटियां और 2 लोहे के काउंटर हटाए गए, जबकि 1 लोहे का काउंटर, 1 लकड़ी का काउंटर और 1 ठेली जब्त की गई। अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई। जोन-6 के जोनल अधिकारी श्री मनोज यादव ने बालागंज और कन्हैया माधौवपुर प्रथम वार्ड में सीतापुर बाईपास से दुबग्गा सब्जी मंडी और कैम्पल रोड से एकता नगर चौराहे तक कार्रवाई की।

### सड़क हादसे में घायल ग्राम प्रधान की मौत

**रायबरेली।** हरदोई के विकासखंड महाराजगंज की ग्राम सभा के प्रधान मैकू लाल (70) का मंगलवार को लखनऊ ट्रामा सेंटर में निधन हो गया। वे पिछले बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना बुधवार दोपहर 3 बजे की है। मैकू लाल गांव के युवक रंजीत कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर एक निमंत्रण से लौट रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर जोहवा मोड़ कुंदनगंज के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम प्रधान और बाइक चला रहा युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे इलाज के दौरान ग्राम प्रधान ने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया।

# जनशिकायतों के निस्तारण में ललितपुर पुलिस को कानपुर जोन, झांसी परिक्षेत्र, में मिला प्रथम स्थान

### प्रदेश में जनपद के तीन थानों को मिला प्रथम स्थान

**ललितपुर।** जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण में ललितपुर पुलिस को कानपुर जोन, कानपुर व झांसी परिक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से प्राप्त शिकायतों को



उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद ललितपुर पुलिस को माह मई-2025 की रैंकिंग में कानपुर जोन, कानपुर व झांसी परिक्षेत्र, झांसी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । इसके साथ-साथ ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में मा0 मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया । जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 03 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन, मेहनत व समर्पण से कार्य करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा निकट भविष्य में इसी प्रकार पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

# एसपी ने गूगल मीट के जरिए की कानून व्यवस्था की समीक्षा

## राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा व चौकी प्रभारियों को दिए दिशा निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जूम मीटिंग संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं। समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर, पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित कर शासन के आदेशों-निर्देशों से सभी को अवगत कराये। प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी नही



दी जायेगी तथा परम्परागत स्थानों पर ही कुर्बानी दी जायेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा पूर्ववत चिन्हित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए ।सोशल मीडिया पर रखी जा रही सतर्क दृष्टि, कुर्बानी की फोटो/वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर न करे पोस्ट । संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगी क्यू.आर.टी., अफवाह फैलाने वालों पर हो त्वरित कार्यवाही। गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत स्नान घाटों पर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती, गोताखोरों एवं सुरक्षा के किये जाये कड़े इंतजाम ।स्नान घाटों पर सादे-वस्त्रों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगायी जाये साथ ही एण्टी-रोमियों टीम भी सक्रिय रहे।

जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को प्रतिदिन जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र में शराब के ठेको/ढाबों/हाईवे पर अधिक से अधिक संख्या में गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनकी चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया ।निरोधात्मक कार्यवाही अन्तर्गत धारा 126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत प्रभावी रूप से नियमानुसार करवाना सुनिश्चित करें । माफियाओं व अपराधियों का सत्यापन करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया ।

लूट/डकैती/चोरी/छिनैती की घटनाओं के रोकथाम हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया ।

# सांसद कनिमोझी ने स्पेन में खोली पाकिस्तान की पोल; लंदन में गूंजे भारत माता की जय के नारे

**लंदन, एजेंसी।** भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह टीम इंडिया की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं। इन शिष्टमंडलों में शामिल सभी लोग दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को अलग-अलग मंचों पर बेनकाब कर रहे हैं। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा नीत शिष्टमंडल अल्जीरिया में है। रविशंकर प्रसाद नीत दल डेनमार्क से ब्रिटेन रवाना हुआ है। सुप्रिया सुले के नेतृत्व में गया दल इथियोपिया में है। फ्रांस-इटली जैसे देशों में भी भारत का रूख बताया जा चुका है।अन्य भारतीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल लोग सिएरा लियोन, पनामा, ग्रीस, बहरीन, कतर, रूस, जापान और यूएई जैसे देशों का दौरा कर चुके हैं। वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक मुहिम जारी है।



लाइबेरिया में राजदूत सुजान चिनॉय ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल का विभिन्न देशों का दौरा भारत की एकता और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर में बोलने का प्रतीक है। इसमें किसी पक्ष या विपक्ष का सवाल ही नहीं उठता और न ही उठना चाहिए और यह प्रतिनिधिमंडल भी इसी एकता का प्रतीक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो घटना घटी, वह पूरे देश के लिए त्रासदी बनकर आई है। हम आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष और नागरिकों के प्रति खेद और संवेदना व्यक्त करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया और बड़ी संख्या में पाकिस्तानी आतंकियों का भी सफाया कर दिया। यह ऑपरेशन एक बड़ी सफलता थी। जब पाकिस्तान ने मामले को बढ़ाया तो भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान को युद्ध विराम की मांग करने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद मलयेशिया सरकार की राष्ट्रीय एकता उप मंत्री वाईबी सीनेटर सरस्वती कंदासामी ने कहा कि 22 अप्रैल को जो कुछ हुआ था, उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और हमले के बाद भारत सरकार की प्रतिक्रिया भी संतुलित रही। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहुत स्पष्ट रूप से भारत सरकार की आकांक्षा को व्यक्त किया कि भारत युद्ध में बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं रखता है। भारत पहले से ही चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए आगे के आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस आक्रामकता को समाप्त करने की आवश्यकता है। वे मलयेशिया और इस क्षेत्र के अन्य देशों से समर्थन मांग रहे थे। भारत और पाकिस्तान दोनों ही हमारे मित्र देश हैं और वे यह संदेश लेकर आए हैं ताकि हम इसे पाकिस्तान तक पहुंचा सकें और समझ सकें कि समय की मांग संघर्ष नहीं, बल्कि आर्थिक विकास है। हमारे प्रधानमंत्री ने हमारी प्रतिक्रिया को बहुत स्पष्ट कर दिया है कि मलयेशिया भी किसी भी तरह की हिंसा के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है, चाहे वह दुनिया के किसी भी हिस्से में हो। मलयेशिया में जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में समूह 3 के प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी केडिलन राक्यत (पीकेआर) और पीपुल्स जस्टिस पार्टी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इसका नेतृत्व मलेशिया सरकार के राष्ट्रीय एकता उप मंत्री, वाईबी सीनेटर सरस्वती कंडासामी ने किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट किया कि भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को कोलोराडो के बोल्डर में हुए आतंकी हमले के बारे में जानकर चिंता हुई। हमें राहत है कि इसमें कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। हम सभी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के इस विचार से सहमत हैं कि हमारे देशों में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल इस समय ब्राजील में है और कल अमेरिका जाएगा। लाइबेरिया में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि मुझे लगता है कि पहली बार कोई देश आतंकवाद के खिलाफ प्रतिनिधिमंडल के जरिए दुनिया भर में शांति का संदेश फैला रहा है। यह काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। भारत 4-5 दशकों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, लेकिन फिर भी आज भारत तकनीक और ऐसी दूसरी चीजों में एक बड़ी शक्ति है।

लंदन में पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर कहते हैं कि पाकिस्तान का जन्म हिंसा में हुआ था। यह किसी लोकप्रिय आंदोलन के जरिये पैदा नहीं हुआ था। यह 1946 के महान कलकत्ता हत्याकांड के बाद पैदा हुआ था और 1971 में ढाका हत्याकांड के बाद इसकी मृत्यु हो गई। अपनी मृत्यु के बावजूद यह अपनी प्रतिबद्धता और अपनी नीति या हिंसा से पीछे नहीं हटा है।

## इंग्लिश चैनल पार कर एक दिन में 1,100 से ज्यादा प्रवासी ब्रिटेन पहुंचे, साल का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश सरकार ने रविवार को एक आकड़ा जारी कर बताया कि बीते शनिवार को लगभग 1,194 प्रवासी छोटी नावों के जरिए फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन पहुंचे। यह संख्या इस साल एक दिन में आने वाले प्रवासियों की सबसे ज्यादा है। ब्रिटिश सरकार के अनुसार जब मैसम शांत था तब इन सभी प्रवासियों ने कुल18 नावों की मदद से यात्रा की। बता दें कि इस साल अब तक 14,811 लोग इस रास्ते से यूके पहुंच चुके हैं, जो पिछले साल इसी समय की तुलना में 42 प्रतिशत ज्यादा है। एक तरफ से देखा जाए तो प्रवासियों की बढ़ोतरी प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की लेबर सरकार पर दबाव बढ़ा रही है, जो लगभग एक साल पहले सत्ता में आई थी। सरकार ने पिछली कंजरवेटिव सरकार की रवांडा योजना को खत्म कर दिया है, जिसके तहत अवैध रूप से आए प्रवासियों को रवांडा भेजने का प्रस्ताव था।

**प्रवासी तस्करी को लेकर स्टार्मर का बयान :** ब्रिटेन में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रधानमंत्री स्टारमर ने कहा है कि सरकार प्रवासी तस्करी करने वाले गैंग्स और उनके धंधे को खत्म कर इस समस्या पर काबू पाएगी। इसके लिए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटेलिजेंस साझा करने, उत्तरी फ्रांस में सख्त निगरानी और नई कड़ी इमिग्रेशन नीतियों को लागू किया है। शनिवार को फ्रांस के ग्रावलीन इलाके में पुलिस को समुद्र तट पर प्रवासियों को नावों में चढ़ते हुए देखा गया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने 184 लोगों को बचाया। वहीं ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने एक न्यूज चैनल से कहा कि कल जो दृश्य थे, वो वाकई चौंकाने वाले थे। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी पुलिस उथले पानी में नावों को रोकने में असमर्थ है, जो एक बड़ी समस्या है। उन्होंने ये भी कहा कि यूके सरकार फ्रांस पर दबाव बना रही है कि वे नए नियम लागू करें ताकि तस्करों को वहीं रोका जा सके। हालांकि दोनों देशों की कोशिशों के बावजूद इंग्लिश चैनल दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक बना हुआ है और यह अब भी संघर्ष या गरीबी से भागे लोगों के लिए एक प्रमुख तस्करी मार्ग है। प्रवासी अक्सर यूके को भाषा, परिवार या शरण लेने और काम की बेहतर संभावनाओं के कारण पसंद करते है।

## यूक्रेन ड्रोन अटैक की रूस ने भी की पुष्टि, कहा- हमले के बाद विमानों में लगी आग

**मास्को, एजेंसी।** यूक्रेन ने रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया। उसने इस ऑपरेशन को स्पाइडरवेब नाम दिया है। इस हमले में रूस के 4 सैन्य हवाई अड्डों बेलाया, ओलेन्या, ड्यागिलेवो और इवानोवो क्षेत्र को एक साथ निशाना बनाया गया। रूस ने भी हमले की बात स्वीकार कर ली है। रूस ने बयान में कहा कि यूक्रेन ने उसके सैन्य हवाई अड्डों पर बड़े ड्रोन अटैक किए गए, जिससे उसके विमानों में आग लग गई थी। इससे पहले यूक्रेन ने दावा किया था कि उसने हमलों में कम से कम 40 बमवर्षक रूसी विमानों को तबाह किया। यूक्रेन का रूसी धरती पर यह भीषण हमला तब हुआ है, जब एक दिन पहले रूसी सेना ने यूक्रेन के पांच शहरों पर लगातार 9 घंटे मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। रूसी हमलों में कम से कम 12 यूक्रेनी सैनिक मारे गए थे। यूक्रेन की खुफिया एजेंसी (एसबीयू) का दावा है कि उसके ऑपरेशन में रूस के 40 से अधिक लड़ाकू और बमवर्षक विमान या तो नष्ट हो गए या बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें टीयू-95 और टीयू-22 जैसे बड़े बमवर्षक और ए-50 जैसे सुपरविजन विमान शामिल हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि 1 जून को यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में रूस के मुरमान्स्क और इरकुत्स्क क्षेत्रों में स्थित सैन्य हवाई अड्डों पर कई विमान आग की चपेट में आ गए।

# फिलिस्तीन को आजाद करो, नारे लगाते हुए भीड़ पर फेंका बम; अमेरिका में बड़ा हमला

**कोलोराडो, एजेंसी।** अमेरिका के कोलोराडो में एक शख्स ने यहूदी कार्यक्रम के दौरान हमला कर दिया। मोलोटोव कॉकटेल (ज्वलनशील पदार्थ से भरी बोतल) से हुए इस अटैक में करीब 6 लोग जल गए हैं। खबर है कि हमलावर इस दौरान फ्री पेलेस्टीन जैसे नारे लगा रहा था। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एफबीआई यानी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने इसे आतंकी घटना करार दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कोलोराडो के बोल्डर में इजरयाली बंधकों की याद में एक समूह इकट्ठा हुआ था। उस दौरान एक शख्स ने भीड़ पर मोलोटोव कॉकटेल्स फेंक दिए। साथ ही फ्लेमथ्रोअर से भी हमला किया। हमलावर की पहचान मोहम्मद साबरी सुलेमान के तौर पर हुई है। खबर है कि हमलावर भीड़ पर हमला करने के दौरान फिलिस्तीन को आजाद करो के नारे लगा रहा था। बोल्डर पुलिस प्रमुख स्टीफन रेडफर्न ने बताया है कि एक शख्स के हथियार लिए घूमने और लोगों को जलाने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। हमले में घायल हुए 6 लोगों में सभी की उम्र 67 से 88 के बीच है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कहा जा रहा है कि एक मरीज की हालत गंभीर है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल, हमलावर को



लेकर पुलिस ने ज्यादा जानकारी नहीं दी है। माना जा रहा है कि इस घटना को उसने अकेले ही अंजाम दिया है और मौके पर कोई और संदिग्ध नजर नहीं आया। खास बात है कि इस हमले में वह खुद भी घायल हो गया है और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह साफ नहीं हो सका है कि उसे कितनी चोटें आई हैं। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर ने लिखा, शुरुआती जानकारी के आधार पर इस आतंकवादी घटना की जांच विचारधारा से प्रेरित हिंसा की घटना के तौर पर की जा रही है। तथ्य सामने आने पर हम इन घटनाओं पर स्पष्ट रूप से बात करेंगे।

पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है।

## राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव करोल नावरॉकी की जीत, बोले- हम पोलैंड को बचाएंगे

**वारसॉ, एजेंसी।** पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी गर्माहट अपने चरम पर है। यहां राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव नेता करोल नावरॉकी की जीत हो गई है। उन्होंने 50.89 फीसदी मत पाकर प्रतिद्वंदी लिबरल उम्मीदवार और वारसा के मेयर रफाल ट्र्जासकोव्स्की को हराया। ट्र्जासकोव्स्की को 49.11 फीसदी वोट मिले। जीत के बाद नावरॉकी ने कहा कि हम पोलैंड को बचाएंगे। राष्ट्रपति चुनाव में लिबरल उम्मीदवार और वारसा के मेयर रफाल ट्र्जासकोव्स्की और राइट-विंग इतिहासकार करोल नावरॉकी के बीच बेहद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। एग्जिट पोल के मुताबिक ट्र्जासकोव्स्की को 49.3प्रतिशत और नावरॉकी को 50.7प्रतिशत वोट मिले थे। लेकिन 2त्न की त्रुटि सीमा को देखते हुए यह मुकाबला बराबरी पर माना जा रहा था। इससे पहले एग्जिट पोल में ट्रजास्कोवस्की को नावरॉकी पर मामूली बढ़त दिखाई गई थी। दोनों उम्मीदवारों ने किया था जीत का दावा रविवार रात वोटिंग खत्म होने के बाद दोनों उम्मीदवारों ने वारसा में अपने-अपने समर्थकों के बीच जीत का दावा किया था।



एक तरफ जहां ट्र्जासकोव्स्की ने कहा कि हम चुनाव जीत गए हैं और अब हम भविष्य पर ध्यान देंगे। यह पोलैंड के इतिहास में वाकई एक खास पल है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह हमें आगे बढ़ने और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। मैं आपका राष्ट्रपति बनूंगा। वहीं दूसरी ओर नावरॉकी ने कहा कि हम जीतेंगे और पोलैंड को बचाएंगे। हम डोनाल्ड टस्क को सत्ता पर अपनी पकड़ पूरी तरह से कायम नहीं करने देंगे। अंतिम परिणाम सोमवार को आने की उम्मीद है। क्या होगा पोलैंड का भविष्य बता दें कि पोलैंड में जारी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर घमासान इसलिए भी खास है, क्योंकि यह चुनाव सिर्फ राष्ट्रपति चुनने का नहीं, बल्कि यह तय करेगा कि पोलैंड एक राष्ट्रवादी रास्ता अपनाएगा या यूरोपियन यूनियन (ईयू) के साथ लिबरल सहयोग बढ़ाएगा। देखा जाए तो नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मौजूदा प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की सरकार की नीतियों को वीटो करने या समर्थन देने की भूमिका में होगा, जिससे सरकार का कामकाज प्रभावित हो सकता है। अब बात अगर दोनों नेताओं के विचार की करें तो जहां एक तरफ रफाल ट्र्जासकोव्स्की (53), जो वारसा के मेयर भी हैं, एक प्रगतिशील नेता माने जाते हैं। वे न्यायपालिका की स्वतंत्रता बहाल करने, महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाने और यूरोपीय संघ के साथ मजबूत रिश्तों के पक्षधर हैं। ट्र्जासकोव्स्की रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर यूक्रेन की नाटो सदस्यता का भी समर्थन करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सामाजिक संवाद और विभाजन खत्म करने की बात कही है।

## कनाडा में जंगल की आग का कहर, 25,000 से अधिक लोग सुरक्षित जगहों पर भेजे गए; सूखा मौसम बना चुनौती

**फ्लिन फ्लोन , एजेंसी।** कनाडा के तीन प्रांत मैनिटोबा, अल्बर्टा और सस्केचेवान में जंगल की भीषण आग ने तबाही मचा दी है। फलस्वरूप रविवार तक 25,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा चुका है। वहीं मैनिटोबा ने आपातकाल की घोषणा कर दी है और वहां से 17,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है। अल्बर्टा से 1,300 और सस्केचेवान से करीब 8,000 लोगों को सुरक्षित किया गया है।

दूसरी ओर धुएं की वजह से कनाडा और अमेरिका के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। अमेरिका के नॉर्थ डकोटा, मोंटाना, मिनेसोटा और साउथ डकोटा में हवा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। जंगलों से फैली आग ने अब अपना भयंकर रूप ले लिया है। इसको लेकर सस्केचेवान के मुख्यमंत्री स्कॉट मोए ने कहा कि लगातार गर्म और सूखा मौसम आग को और फैलने का मौका दे रहा है। उन्होंने कहा कि अगले चार से सात दिन बेहद अहम हैं, जब तक बारिश न हो जाए। मैनिटोबा के फ्लिन फ्लॉन कस्बे से 5,000 से ज्यादा लोग निकाले गए हैं। पास के क्रैनबेरी पोर्टेज में बिजली चली गई और 600 लोगों को अनिवार्य रूप से निकालना पड़ा। देखा जाए तो आग पास के सस्केचेवान क्षेत्र से शुरू हुई थी और जल्द ही मैनिटोबा तक फैल गई। वहीं धुएं के कारण वाटर बंबर्स (जल फेंकने वाले विमान) उड़ नहीं पा रहे हैं और एक ड्रोन के कारण बचाव अभियान भी



बाधित हुआ है। हालांकि अमेरिका ने 150 दमकलकर्मी और एक एयर टैंकर कनाडा भेजने का वादा किया है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो आग के चलते अपना घर छोड़ दूसरे स्थान पर भेजे गए लोगों को रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कारण है कि विनिपेग और अन्य शहरों में होटल पूरी तरह भर चुके हैं। मैनिटोबा के आदिवासी नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि होटलों को प्राथमिकता से विस्थापितों के लिए खोला जाए। वहीं कई अधिकारियों का तो ये भी कहना है कि यह 1990 के दशक के बाद मैनिटोबा में सबसे बड़ी निकासी है।

# दक्षिण कोरिया में तेज हुई चुनावी जंग, राष्ट्रपति पद की रेस में इन दो नेताओं में टक्कर

**सियोल, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल द्वारा देश में मार्शल लॉ लगाने के फैसले के बाद से दक्षिण कोरिया में बीते कई महीनों से राजनीतिक उठा-पटक का दौर जारी है। अब सभी की निगाहें इस सप्ताह होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर है। इस चुनाव में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे म्युंग और कंजर्वेटिव पार्टी उम्मीदवार किम मून सो के बीच कड़ी टक्कर है। नए राष्ट्रपति के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें वामपंथी और दक्षिणपंथी राजनीति के गहराते मतभेद, ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ लगाने का फैसला और उत्तर कोरिया की बढ़ती सैन्य ताकत से निपटना आदि प्रमुख हैं। तो आइए जानते हैं दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बारे में- ले जे म्युंग 60 वर्षीय ली डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैं और विभिन्न सर्वे में ली को राष्ट्रपति पद का सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बताया जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यून ने जब बीते साल दिसंबर में देश में मार्शल लॉ लगाया तो उनका विरोध करने वालों में ली जे म्युंग सबसे अहम व्यक्ति थे। ली ने बताया कि जब उनकी पत्नी ने उन्हें मार्शल लॉ लगने की खबरों के बारे में बताया तो पहले उन्हें लगा कि ये डीपफेक वीडियो है, लेकिन जैसे ही उन्हें अहसास हुआ कि सच में देश में मार्शल लॉ लगाया जा रहा है तो उन्होंने तुरंत अपनी पार्टी के नेताओं को संसद भवन पहुंचने का निर्देश दिया ताकि यून को रोका जा सके। यून को महाभियोग के जरिए राष्ट्रपति पद से हटाने में भी ली जे म्युंग की भूमिका रही। ली तीसरी बार राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। इससे पहले साल 2022 में भी वे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे और यून से करीबी मुकाबले में चुनाव हार गए थे। ली दक्षिण कोरिया के सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले प्रांत ग्योंगी के गवर्नर रह चुके हैं और साथ ही सियोंगनाम शहर के मेयर भी रह चुके हैं। ली का कहना है कि वे देश की



अर्थव्यस्था को बेहतर कर सकते हैं और उत्तर कोरिया के साथ शांति स्थापित कर सकते हैं। ली अपने तेजतर्रार भाषणों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि उनके विरोधियों का कहना है कि वे एक खतरनाक जननेता हैं, जो देश में राजनीतिक फायदे के लिए बंटवारा भी करा सकते हैं। ली के खिलाफ पांच आपराधिक मामलों में ट्रायल चल रहा है। अगर वे राष्ट्रपति चुनाव जीत जाते हैं तो ये मामले बंद हो जाएंगे क्योंकि दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति को आपराधिक कार्रवाई से इम्युनिटी मिली होती है। किम मून सो 73 वर्षीय कंजर्वेटिव उम्मीदवार किम मून सो पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पार्टी से उम्मीदवार हैं और वे यून की सरकार में श्रम मंत्री रहे थे। किम ने कंजर्वेटिव पीपल पावर पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मई में ही बनाए गए थे। हालांकि उनकी पार्टी के कुछ नेताओं ने किम की जगह पूर्व पीएम डक सो को उम्मीदवार बनाने का समर्थन किया। हालांकि नाटकीय घटनाक्रम में आखिरकार किम को ही पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया। किम चुनाव प्रचार के दौरान दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए बेहतर मिसाइल डिफेंस सिस्टम बनाने और अमेरिका के साथ रक्षा संबंधों को और बेहतर करने का वादा कर रहे हैं। किम पूर्व में वामपंथी विचारधारा के समर्थक थे और श्रम अधिकारों की मांग के लिए वे ढाई साल जेल में भी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में नोटो से हटे शेख मुजीबर रहमान, नई करेंसी से हिंदुओं को खुश करने का प्लान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के करेंसी नोटों पर अब बंग बंधु मुजीबुर रहमान की तस्वीरें इतिहास हो गई हैं। रविवार को बांग्लादेश बैंक की ओर से नई नोटें जारी की गई हैं। इन नोटों में मुजीबुर रहमान नहीं हैं, जो 1971 में देश बनने के बाद से करेंसी में छपते चले आ रहे थे। वह पूर्व पीएम शेख हसीना के पिता भी थे। शेख हसीना को बीते साल ही बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद सत्ता से हटना पड़ा था और फिर वह देश ही छोड़कर निकल गईं। शेख हसीना के पद से हटने के बाद अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर मोहम्मद यूनुस नेतृत्व संभाल रहे हैं। उनके नेतृत्व वाली सरकार के दौरान भी बांग्लादेश में जमकर हिंसा हुई है। धानमंडी स्थित शेख मुजीबर रहमान से जुड़े स्मारक तक को आग के हवाले कर दिया गया था। इसके अलावा शेख हसीना के घर को भी फूंक दिया गया। अब नए करेंसी नोट जो जारी किए गए हैं, उनमें किसी नेता की तस्वीर नहीं होगी। इसकी बजाय राष्ट्रीय शहीद स्मारक को जगह दी जाएगी। यही नहीं बांग्लादेश के कुछ ऐतिहासिक स्थानों को भी इन नोटों में दर्शाया जाएगा। इन स्थानों में हिंदू और बौद्ध मंदिर भी शामिल हैं। बांग्लादेश बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा कि नई सीरीज के नोटों की डिजाइन पहले से काफी अलग है। अब इन नोटों में किसी इंसान को नहीं दिखाया जाएगा। इसके स्थान पर बांग्लादेश की प्राकृतिक सुंदरता और परंपरा को इसमें दर्शाया गया है। अब तक बांग्लादेश की करेंसी में शेख मुजीबुर रहमान दिखते थे। उन्होंने 1971 के बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया था और 1975 में तख्तापलट के दौरान उनका कत्ल कर दिया गया था। बांग्लादेश के नए नोटों की डिजाइन को पेंटर जैनुल आबेदीन ने तैयार किया है। इसमें बंगाल के अकाल को भी दर्शाया गया है। बांग्लादेश में ऐसा पहली बार नहीं है, जब करेंसी नोटों के डिजाइन में बदलाव हुआ है और ऐसा राजनीतिक कारणों से किया गया है। पहली बार 1972 में जो भी नोटों में बदलाव किया गया था। तब नोटों पर बांग्लादेश का नक्शा छपा करता था और उसकी जगह मुजीबर रहमान की तस्वीरों ने ली। ऐसा अकसर अवामी लीग की सरकार के दौरान हुआ। फिर जब भी कभी बांग्लादेश में खालिदा जिया की बीएनपी को सत्ता मिली तो उसने ऐतिहासिक स्मारकों को नोटों पर जगह दी।

### यौन अपराधों के मामले में गवाही की योजना नहीं बना रहे हार्वे वेनस्टेन

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** हार्वे वेनस्टेन न्यूयॉर्क में यौन अपराधों के पुनर्विचार में गवाही देने की योजना नहीं बना रहे हैं, उनके वकील ने रविवार को यह जानकारी दी। इसका मतलब है कि वेनस्टेन के मामले पर ज्यूरी जल्द ही सुनवाई शुरू कर सकती है। ऐसे में जल्द ही वेनस्टेन के खिलाफ मामला ज्यूरी के सामने जा सकता है। पिछले न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया के मामलों में भी हार्वे वेनस्टेन ने गवाही नहीं दी थी और दोनों मामलों में उन्हें दोषी ठहराया गया था। हालांकि वेनस्टेन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया था। वेनस्टेन पर जेसिका मान का दुष्कर्म करने और मरियम हैले और काला सोकोला को मुख मैथुन के लिए मजबूर करने का आरोप है। जेसिका मान एक अभिनेत्री और हैले एक प्रोड्यूसर असिस्टेंट और सोकोला एक मॉडल थी।

### लॉस एंजेलिस में फायरिंग, एक पुलिस अधिकारी की मौत

**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजेलिस में गोलीबारी की एक घटना में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई है। दरअसल पुलिस को एक व्यक्ति द्वारा गोलीबारी करने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस पर भी गोलीबारी की गई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घटना शनिवार रात की है। संदिग्ध आरोपी भी घायल हुआ है और उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। संदिग्ध आरोपी की पहचान अभी नहीं हो सकी है। वहीं गोलीबारी में मारे गए पुलिस अधिकारी की पहचान सैमुअल रिवोर्स के रूप में हुई है। वहीं घटना में घायल पुलिस अधिकारी की हालत स्थिर है। गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया हथियार जब्त कर लिया गया है और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### नशा मुक्ति केंद्र में लगी भीषण आग, 12 लोगों की मौत और कई घायल; बढ़ सकता है हताहतों का आंकड़ा



**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गुआनाजुआटो राज्य के सैन होसे इतुर्बे कस्बे में रविवार तड़के एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 3 अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच जारी है। साथ ही ये भी बताया जा रहा है कि हादसे में हताहत होने वालों का आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है। मामले में नगर प्रशासन ने बयान में कहा कि हम उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपनों को खो दिया, जो अपनी लत से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। साथ ही प्रशासन ने यह भी कहा कि मृतकों के अंतिम संस्कार का खर्च वहन किया जाएगा। मेक्सिको की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जिस समय आग लगी, उस वक्त पीड़ितों को नशा मुक्ति केंद्र में बंद कर दिया गया था। बता दें कि इससे पहले फरवरी में भी मेक्सिको सिटी के एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 5 लोगों की जान चली गई थी।

# आईपीएल फाइनल से पहले भारतीय आर्मी को सलामी, शंकर महादेवन ने थामी स्टेज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल मुकाबले से पहले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक भावपूर्ण और देशभक्ति से भरा समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मशहूर गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने भारतीय सशस्त्र बलों को एक शानदार संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। यह समारोह 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित था, जो हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा की गई एक निर्णायक सैन्य कार्रवाई थी। इस प्रदर्शन ने न केवल दर्शकों का दिल जीता, बल्कि देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को भी व्यक्त किया।




### 'ऑपरेशन सिंदूर' को श्रद्धांजलि

समापन समारोह, जो शाम 6ः00 बजे शुरू हुआ, भारतीय सशस्त्र बलों के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' 7 मई को शुरू हुआ था, जो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था, जिसमें 26 नागरिकों की जान गई थी। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया था। इस सैन्य कार्रवाई ने देश की सुरक्षा और एकता को मजबूत किया, और बीसीसीआई ने इस समारोह के माध्यम से सैनिकों के साहस को सम्मानित करने का निर्णय लिया।

### शंकर महादेवन का भावपूर्ण प्रदर्शन

शंकर महादेवन, जो शंकर-एहसान-लॉय तिकड़ी का हिस्सा हैं, ने अपने बेटों सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ मंच पर एक यादगार प्रस्तुति दी। उन्होंने 'ऐ वतन', 'लहरा दो', 'मां तुझे सलाम', 'कंधों से मिलते हैं कंधे' और 'वंदे मातरम' जैसे लोकप्रिय देशभक्ति गीत गाए, जिन्होंने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में जोश और देशभक्ति की भावना भर दी। उनके प्रदर्शन को सैन्य बैंड और नर्तकियों ने और भी प्रभावशाली बनाया, जिन्होंने तिरंगे के रंगों में सजी कोरियोग्राफी के साथ मंच को जीवंत कर दिया। स्टेडियम में तिरंगे की रोशनी और देशभक्ति के प्रतीकों ने माहौल को और भी प्रेरणादायक बनाया

# आईएसएसएफ निशानेबाज विश्व कप आठ जून से



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले अगले माह आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण में भारत की ओर से पदक के प्रबल दावेदार रहेंगे। भाकर और कुसाले को 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने भाकर को दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में शामिल किया है। वहीं पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह को भी जगह मिली है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार किसी स्पर्धा में खेलते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप में बेहत प्रदर्शन किया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस इस टीम के कुल 13 सदस्यों को म्यूनिख जाने वाली इस विश्वकप टीम में भी शामिल किया गया है। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। म्यूनिख के लिए चयनित टीम में तीन नए खिलाड़ी भी रहेंगे। राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को घरेलू सर्किट में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में जगह मिली है। वहीं पुरुष वर्ग में एयर पिस्टल में दो नये निशानेबाजों को शामिल किया गया है। हाल ही में कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक टूर्नामेंट में मिश्रित टीम का खिताब जीतने वाली जोड़ी का हिस्सा रहे हरियाणा के आदित्य मालरा और सेना के निशानेबाज निशांत रावत भी इसमें शामिल हैं।

# इंग्लैंड लायंस के दूसरे मैच में उपलब्ध नहीं रहेंगे शुभमन गिल और साई सुदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच 6 जून से नॉर्थम्प्टन में शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में नहीं खेलेंगे। हालांकि बीसीसीआई ने पहले घोषणा की थी कि गिल और उनके गुजरात टाइटन्स के सलामी जोड़ीदार बी साई सुदर्शन मैच से पहले भारत ए टीम में शामिल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार दोनों खिलाड़ी अब सीधे सीनियर टेस्ट टीम के साथ यात्रा करेंगे, जो 6 जून को इंग्लैंड पहुंचेगी।



इसके विपरीत, केएल राहुल के मंगलवार को टीम से जुड़ने के बाद भारत ए के लिए खेलने की उम्मीद है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून को लीड्स में शुरू होने वाला है। इंग्लैंड लायंस, जिसने कैंटरबरी में शुरुआती मैच में केवल छह टेस्ट कैप वाली अपेक्षाकृत कम अनुभव वाली टीम उतारी थी, नॉर्थम्प्टन मैच के लिए ऑलराउंडर क्रिस वोक्स को शामिल करने से मजबूत होने की उम्मीद है।

भारत ए के लिए तेज गेंदबाज आकाश दीप चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज इस साल की शुरुआत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद लगी पीठ की चोट से उबर रहे थे, लेकिन अप्रैल में उन्हें फिट घोषित कर दिया गया और इसके बाद वे लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल 2025 में खेले। हालांकि वे पहले अनौपचारिक टेस्ट के दौरान टीम के साथ मौजूद थे, लेकिन आकाश ने ज्यादातर समय मैदान के बाहर अभ्यास किया और चार दिनों के अंतराल में थोड़े-थोड़े अंतराल पर गेंदबाजी की। कैंटरबरी में सपाट और धीमी सतह पर भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला मैच ड्रॉ रहा, जिससे गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिली। भारत ए के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में करुण नायर शामिल थे, जिन्होंने दोहरा शतक लगाया, ध्रुव जुरेल ने दो अर्धशतक लगाए और यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और नीतीश कुमार रेड्डी ने दूसरी पारी में तेज अर्धशतक जड़े।

# इंडिया / इंग्लैंड : यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में किया कमाल, पूरे किए 3800 रन

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया पहला अनाधिकारिक टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्सन काफी अच्छा रहा। भारत ने पहली पारी में 557 रन बनाए तो वहीं दूसरी पारी में 2 विकेट पर 241 रन बनाए। इस मैच में यशस्वी जायसवाल का प्रदर्सन बहुत अच्छा तो नहीं रहा, लेकिन उसे संतोष जनक जरूर कहा जा सकता है।



यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करेंगे और प्रैक्टिस के लिहाज से उनके लि पहला टेस्ट अच्छा रहा। पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में उन्होंने शुरुआत तो अच्छी की थी, लेकिन वो बड़ी पारी नहीं खेल पाए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अपने अप्रोच में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन रन बनाने में सफल रहे। पहली पारी में यशस्वी ने 55 गेंदों पर एक छक्का और 3 चौकों की मदद की मदद से 24 रन बनाए तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाया और इस इनिंग में टी20 की तरह से बैटिंग करते हुए 60 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 64 रन की पारी खेल डाली। इस पारी में उन्होंने जिस इंटेट के साथ खेला उससे ये साफ हो गया कि उनका इरादा क्या है और वो आगे किस तरह से इंग्लैंड की धरती पर बल्लेबाजी करने वाले हैं। यशस्वी की कोशिश थी कि वो शुरू से ही गेंदबाजों पर हावी रहें और उसमें वो सफल भी रहे।

इंग्लैंड की धरती पर यशस्वी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच का पहला अर्धशतक अपने करियर के 36 मैचों के बाद लगाया। यशस्वी ने अब तक अपने करियर में 37 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेले पहले टेस्ट मैच में कुल 88 रन बनाए और इसकी मदद से उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 3800 रन भी पूरे किए। यशस्वी ने इस फॉर्मेट में अब तक 60.31 की औसत इतने रन बनाए हैं जिसमें 13 शतक और 13 ही अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर इन मैचों में 265 रन रहा है।

# 30 सितंबर से खेला जाएगा महिला टी20 विश्वकप : आईसीसी

## भारत के अलावा कोलंबो में भी खेले जाएंगे मैच

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि महिला टी20 विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। आईसीसी के अनुसार इसमें कोलंबो को अतिरिक्त तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले अकेले ही इसकी मेजबानी करने जा रहा था पर अब इसके मैच बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम के अलावा कोलंबो में भी खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए शामिल किया गया है ताकि यहां पाकिस्तान के मुकाबले हो सकें। इस साल की शुरूआत में ही चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। जिसके तहत भारतीय टीम ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि अन्य टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा कि यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। गौरतलब है कि भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में होगा। वहीं फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में मेजबान भारतीय टीम के अलावा गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें इसमें भाग लेंगी।

# पीठ की सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे मयंक यादव

मुम्बई ।पिछले काफी समय से पीठ की समस्या से जूझ रहे युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव अब सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे। होगी। मयंक उसी डॉक्टर से अपनी सर्जरी कराएंगे जिसने जसप्रीत बुमराह की सर्जरी की थी। यह सर्जरी न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में स्थित प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जन डॉ. रोवन शाउटेन करेंगे। डॉ. शाउटेन ने ही साल 2023 में जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की सर्जरी की थी, साथ ही ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों जेसन बेहरेनडॉर्फ और जेम्स पैटिनसन का भी इलाज किया था। पिछले साल, शाउटेन और ग्राहम इंगलिस ने स्ट्रेस फैक्चर से परेशान ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की पीठ की सर्जरी भी की थी। माना जा रहा है कि मयंक बार-बार हो रही पीठ की समस्या को पूरी तरह से ठीक करने अब सर्जरी कराना चाहते हैं। ऐसे में बुमराह ने जिस प्रक्रिया से गुजरे थे, वही प्रक्रिया मयंक के लिए भी अपनाई जाएगी। माना जा रहा है कि यह कदम मयंक के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह उनकी तेज गेंदबाज के रूप में लंबी उम्र को बढ़ाएगा। मयंक को इस बारे में बता दिया गया है और वह कुछ दिनों में न्यूजीलैंड रवाना होंगे। सर्जरी के बाद, वह 22 से 25 दिनों तक वहां रहेंगे ताकि रिहैबिलिटेशन और रिकवरी प्रक्रिया को सही से पूरा किया जा सके।



# पीवी सिंधू दूसरे दौर में, सेन और प्रणय इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।



सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सिंधू ने मैच के बाद कहा, 'पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है।'

सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया।

पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता।

भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाए। दूसरे गेम में सिंधू ने शुरुआत में दो अंकों की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे थीं। उन्होंने वापसी की और जोरदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट हासिल किए। लेकिन सिंधू ने लगातार गलतियां की जिसका फायदा उठाकर ओकुहारा 20-20 से बराबरी पर आ गईं। जापानी खिलाड़ी ने आखिरकार दूसरा गेम 23-21 से जीत लिया।

निर्णायक गेम में ब्रेक तक सिंधू 11-9 से आगे थीं और फिर उन्होंने लगातार विनर्स लगाते हुए आठ मैच प्वाइंट हासिल किए और पांचवें मैच प्वाइंट को भुनाकर अगले दौर में प्रवेश किया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा। मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

# सचिन, धोनी की तरह विराट की जर्सी भी होगी रिटायर !

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को सम्मानित करने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी जर्सी नंबर 18 को रिटायर कर सकती है। इससे भारतीय टेस्ट टीम में आने वाले समय में किसी भी खिलाड़ी को ये जर्सी नंबर नहीं मिलेगा। जर्सी नंबर 18 नंबर कीपिछले 14 साल से विराट के पास रही है। कोहली ने अभी एकदिवसीय से संन्यास नहीं लिया है ऐसे में वह फिलहाल इस जर्सी में खेलते हुए देखेंगे पर यह माना जा रहा है कि जिस प्रकार सचिन तेंदुलकर (जर्सी नंबर 10) और महेंद्र सिंह धोनी (जर्सी नंबर 7) की जर्सी किसी अन्य खिलाड़ी को नहीं मिली। उसी प्रकार किसी भी नये खिलाड़ी को 18 नंबर की जर्सी नहीं मिलेगी। वहीं युवा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के इंडिया ए की ओर से 18 नंबर की जर्सी पहनने को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि मुकेश कुमार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले 'टेस्ट मैच में 18 नंबर की जर्सी पहनी जरुर थी पर इससे फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ए टीम में कोई निश्चित नंबर के साथ ही जर्सी पर नाम नहीं होता है ।कोई भी खिलाड़ी कोई भी नंबर चुन सकता है। जर्सी नंबर केवल अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ही मान्य है। भारतीय टेस्ट टीम में दो नए सदस्य बी साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं लेकिन उन्हें जो जर्सी नंबर दिए गए हैं, वे अलग हैं। भारतीय टीम में किसी विशेष जर्सी नंबर को आधिकारिक रूप से 'रिटायर करने प्रथा नहीं है लेकिन कुछ मशहूर नंबर बाद में टीम में शामिल हुए खिलाड़ियों ने नहीं पहने हैं।



# भारत के कारण क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में वापसी हुई: ऋषि सुनक

**लदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, ''यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से।''

क्रिकेट के मुरीद सुनक ने पिछले कुछ वर्षों में आईपीएल से आये बदलावों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। मुझे लगता है कि कोई भी क्रिकेटर चाहे कहीं का भी हो, वो अपने करियर के किसी भी पड़ाव मेंआईपीएल में खेलना चाहता है। महिलाओं के क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं।''

उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर की बात करते हुए जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, ''इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था। जैकब बेथेल ने शानदार पारी खेली। आईपीएल ने क्रिकेटर के तौर पर उनमें सुधार किया है।''

आईपीएल में आरसीबी के लिए खेलने वाले बेथेल ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले वनडे में इंग्लैंड की 238 रन की बड़ी जीत में 53 गेंद में 82 रन की पारी खेली। पैंतालिस वर्षीय राजनेता आरसीबी के दिग्गज विराट कोहली और फ्रेंचाइजी के प्रति अपने लगाव को नहीं छिपा सके। वह चाहते हैं कि आरसीबी का आईपीएल ट्रॉफी का 18 साल का इंतजार खत्म हो जाए। उन्होंने कहा, ''मैं आपको एक संकेत देता हूं 'ई साला कप नामदे', उम्मीद है कि 16 साल पहले जब मैंने अक्षता को कन्नड़ में 'प्रोपोज' किया था तब से मेरा उच्चारण बेहतर हो गया है। हालांकि सच कहूं तो पता नहीं, जो मैंने कहा था, वह इसे समझ गई थी।''

सुनक ने कहा, ''लेकिन मेरी शादी बेंगलुरु के एक परिवार में हुई है इसलिए मैं आरसीबी का समर्थन कर रहा हूं। हम बहुत समय पहले एक साथ मैच देखने गए थे। अक्षता की मां और पिता ने शादी के बाद मुझे यह शर्ट दी थी जो बहुत बढ़िया है।'' सुनक का बेंगलुरु से जुड़ाव उनकी पत्नी अक्षता की वजह से है जो इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति और उद्यमी सुधा मूर्ति की बेटी हैं।

उन्होंने अपने पसंदीदा खिलाड़ी की बात करते हुए कहा, '' मैं विराट कोहली का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। वह महान खिलाड़ी हैं। मेरे पास उनके हस्ताक्षर वाला एक बल्ला है जो भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुझे तब डाउनिंग स्ट्रीट में दीवाली के उपहार के रूप में दिया था जब मैं प्रधानमंत्री था। यह शानदार है।'' सुनक ने कहा, ''क्रिकेट बहुत मददगार कूटनीतिक हथियार है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और मेरे बीच हमेशा ही क्रिकेट पर बहुत अच्छी बातचीत होती रही है, विशेषकर एशेज श्रृंखला दौरान, एक दफा तो यह बहस थोड़ी तीखी हो गई थी लेकिन मैत्रीपूर्ण रही थी।''



उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा, ''भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मेरे बीच भी हमेशा से ही काम शुरू करने से पहले क्रिकेट पर बहुत अच्छी बातचीत होती थी। भारतीय टीम इस सत्र में इंग्लैंड खेलने आ रही है। यह शानदार दौरा होने जा रहा है। मुझे लगता है कि इससे दोनों देशों के बीच साझेदारी और दोस्ती मजबूत होगी।

# 4 जून से खेला जाएगा छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप : टीसीएआई

पानीपत ।हरियाणा के पानीपत में छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप बुधवार 4 जून से शुरु होगा। ये 6 जून शुक्रवार को समाप्त होगा। फेडरेशन कप का आयोजन भारतीय टेनिस क्रिकेट संघ (टीसीएआई) द्वारा किया जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट महासंघ (आईटीसीएफ) का सदस्य निकाय है। फेडरेशन कप में देश भर की 12 टीमें भाग लेंगी। इसे ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) का साथ मिला हुआ है। रूस और पोलैंड के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट सीरीज में भाग लेने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों का चयन फेडरेशन कप से ही किया जाएगा। भारतीय टेनिस क्रिकेट संघ (टीसीएआई) के अध्यक्ष कन्हैया गुर्जर ने कहा, हम अपने टूर्नामेंट को प्रायोजित करने और हमारा समर्थन करने के लिए ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के आभारी हैं। टेनिस क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में उनका समर्थन सबसे अहम होगा। उनके समर्थन से हमारा लक्ष्य इस रोमांचक प्रारूप में और अधिक व्यावसायिकता और मान्यता जोड़ना है, जिससे खिलाड़ियों को अधिक अवसर और अनुभव मिल सके। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, बिहार, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, विदर्भ, हरियाणा, राजस्थान, मुंबई और मध्य प्रदेश से हैं। डीएलआई के मुख्य रणनीतिकार चेतन्य नंदा ने कहा, हम फेडरेशन कप को प्रायोजित करके खुश हैं और सामने आने वाली प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हैं। हम टेनिस क्रिकेट के भविष्य में विश्वास करते हैं, और यह फेडरेशन कप अगली पीढ़ी के विकास की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा, हम भविष्य में भी छोटे जिलों के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने और उन्हें अवसर प्रदान करने के लिए इस तरह के जमीनी स्तर के टूर्नामेंट प्रायोजित करते रहेंगे। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को टेनिस क्रिकेट बॉल विश्व कप और एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया जूनियर (13-18) और सीनियर (18) दोनों के लिए होगी, जिसमें दोनों श्रेणियों में छह फेंचाइजी भाग लेंगी। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के लिए 860 जूनियर और 860 सीनियर खिलाड़ियों को नीलामी के लिए चुना जाएगा, जहां प्रत्येक श्रेणी में छह फेंचाइजी अपनी टीमों का चयन करेंगी।



## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 23 पैसे की गिरावट पर बंद हुआ। आज सुबह` विदेशी अमेरिकी मुद्रा में मामूली सुधार, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी के दौरान ही रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे टूटकर 85.49 प्रति डॉलर पर आ गया था। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति की घोषणाओं से पहले अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों ने भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में घरेलू मुद्रा कमजोर रुख के साथ खुली और सीमित दायरे में रही। रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.49 पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.39 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 98.86 पर रहा।

## मई में कोयला उत्पादन बढ़कर 8.62 करोड़ टन हुआ

**नई दिल्ली।**

कोयला मंत्रालय ने बताया कि मई 2025 के दौरान देश में कुल कोयला उत्पादन सालाना आधार पर करीब 2.62 प्रतिशत बढ़ कर 8.62 करोड़ टन से कुछ अधिक रहा। पिछले वर्ष के इसी माह करीब 8.4 करोड़ टन कोयला उत्पादन हुआ था। मई कोयला मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 2025 के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक खदानों से उत्पादन उल्लेखनीय वृद्धि के साथ करीब 1.7 करोड़ टन रहा जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान इस क्षेत्र का उत्पादन 1.38 करोड़ टन था।

## प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स का शेयर 19 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।**

एकीकृत बिजली समाधान कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर ने मंगलवार को अपने निर्गम मूल्य 105 रुपये से 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध हो गया है। बीएसई पर शेयर का मूल्य 19 प्रतिशत चढ़कर 125 रुपये पर आया, जो बाद में 23.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 130 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर भी समान रूप से शेयर ने 14.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 120 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी ने 168 करोड़ रुपये के इस आईपीओ के लिए 95-105 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। आईपीओ से हासिल धन का उपयोग कंपनी ने 72.50 करोड़ रुपये के लिए पूंजीगत जरूरतों के लिए, 17.95 करोड़ रुपये के कर्ज भुगतान के लिए और शेष की अमाउंट को अन्य रणनीतिक कार्यों में निवेश करने के लिए किया है।

## एईकस ने आईपीओ के लिए जमा किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** एईकस नामक विनिर्माण कंपनी ने एक गोपनीय मार्ग चुनकर भारतीय बाजार नियामक सेबी के समक्ष अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्राथमिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। यह विनिर्माण कंपनी करीब 20 करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य रख रही है। इस आईपीओ में कंपनी ने काई बिक्री पेशकश (ओएफएस) घटक को शामिल नहीं किया है। एईकस कंपनी ने मंगलवार को एक सार्वजनिक घोषणा में बताया कि उन्होंने सेबी और शेयर बाजारों के सामक्ष गोपनीय मार्ग के जरिये आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए हैं। इस आईपीओ में कंपनी ने पूरी तरह से नए निर्गम पर आधारित है। एईकस कंपनी की इस कदम से उम्मीद है कि वे विशेष उत्पादों और सेवाओं के साथ उद्योग में अपनी जगह बना सकेंगे।

# पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री के साथ आर्थिक संबंधों में चर्चा की

**गोयल ने पिछले तीन दिनों में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें कीं**

**पेरिस।**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ आर्थिक संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक का मकसद भारतीय और सिंगापुरी व्यापार संबंधों को मजबूत करना है। मंत्री ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने के लिए आधिकारिक यात्रा पर भी रवाना हुए हैं। गोयल ने पिछले तीन दिनों में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट और लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस शामिल हैं।

गोयल ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत में निवेश के अवसरों का भी अवलोकन किया। चर्चा में पोत परिवहन क्षेत्र को बड़ा महत्व दिया गया है। यह चर्चा महत्वपूर्ण है क्योंकि पोत परिवहन क्षेत्र व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है और इससे परिवहन लागत में कमी आएगी। इसे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा` कि हमारे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। साथ ही भारत द्वारा पोत परिवहन क्षेत्र में प्रदान किए जाने वाले व्यापक अवसरों का भी विस्तारक अवलोकन किया गया।

सरकार ने केंद्रीय बजट में भारत में पोत परिवहन क्षेत्र की क्षमता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रोत्साहन दिया है। बजट में समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) की स्थापना का प्रस्ताव भी किया गया है। इससे समुद्री परिवहन संबंधित योजनाओं को सीधा सहायता प्राप्त होगी।

## टोरेंट पावर ने बीपी सिंगापुर से बिक्री समझौते पर किए हस्ताक्षर

**अहमदाबाद।**

टोरेंट पावर लिमिटेड (टीपीएल) ने वैश्विक एकीकृत ऊर्जा कंपनी बीपी की सहायक कंपनी बीपी सिंगापुर पीटीई लिमिटेड से 2027 से 2036 तक 0.41 एमएमटीपीए तक एलएनजी की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक खरीद और बिक्री समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। टीपीएल की ओर से बताया गया कि इस समझौते के तहत टीपीएल द्वारा खरीदी गई एलएनजी का देश की बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से उपयोग किया जाएगा। साथ ही पीक डिमांड अवधि में पर्याप्त पावर सप्लाय करने और नवीकरणीय ऊर्जा को संतुलित करने के लिए 2,730 मेगावाट के संयुक्त चक्र गैस-फायर पावर प्लांट (जीबीपीपी) का संचालन भी टीपीएल द्वारा किया जाएगा। यह समझौता टोरेंट ग्रुप की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) इकाई - टोरेंट गैस लिमिटेड (टीजीएल) को एलपीजी की बढ़ती माँग को पूरा करने में मदद करेगा, जिससे कंपनी की घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों के साथ-साथ सीएनजी वाहनों को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कर पाएगी।

## ईवी उत्पादन में विदेशी निवेश को बढ़ावा- सरकार ने घटाया आयात कर

**10000 करोड़ के वैश्विक राजस्व वाली कंपनियां होंगी पात्र**

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने कहा है` कि वह घरेलू ईवी उत्पादन में निवेश करने वाले विदेशी वाहन निर्माताओं के लिए आयात कर में भारी कमी करने जा रही है। योजना के तहत योग्यता और लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक के पास ऑटोमोटिव विनिर्माण से न्यूनतम 10,000 करोड़ रुपये का वैश्विक समूह राजस्व होना आवश्यक है। नई नीति के तहत आवेदन दाखिल करते समय वार्षिक वित्तीय विवरणों के आधार पर किसी कंपनी या उसके समूह की कंपनियों का अचल संपत्तियों में वैश्विक निवेश कम से कम 3,000 करोड़ रुपये होना चाहिए। नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और इंजीनियरिंग अनुसंधान और विकास पर किया गया खर्च इस योजना के अंतर्गत निवेश से संबंधित लाभ लेने के लिए पात्र होगा। जमीन पर किए गए खर्च पर विचार नहीं होगा। हालांकि, मुख्य संयंत्र और उपयोगिताओं की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 फीसदी से अधिक न हो। योजना के तहत आवेदकों के लिए अनुमोदन पत्र जारी करने की तिथि से तीन वर्षों के भीतर न्यूनतम 25 फीसदी घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) प्राप्त करना होगा। पांच वर्षों के भीतर न्यूनतम 50 फीसदी डीवीए प्राप्त करना होगा। चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया खर्च प्रतिबद्ध निवेश का 5 फीसदी तक माना जाएगा। आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस के जरिये आवेदन पाने की अवधि 120 दिन या अधिक की होगी। भारी उद्योग मंत्रालय को 15 मार्च, 2026 तक आवश्यकतानुसार आवेदन विंडो खोलने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र दाखिल करते समय आवेदक को पांच लाख रुपये आवेदन शुल्क देना होगा, जो वापस नहीं होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। एशियाई और दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार में ये गिरावट बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 636 अंकों की गिरावट के साथ 80,737.51 पर बंद हुआ है। वहीं 50 शेयरों वाला एनएनई निफ्टी 174 अंकों की गिरावट के साथ ही 24,543 के स्तर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए हैं। निफ्टी पर बैंक, फाइनेंशियल, एफएमसीजी, मेटल, आटो, आईटी और फार्मा इंडेक्स गिरावट के साथ ही लाल निशान में बंद हुए हैं जबकि रियल्टी इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए।

वहीं सेंसेक्स के 29 शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान में जबकि 1 बढ़त के साथ ही हरे निशान पर बंद हुआ है। आज एमएंडएम के शेयर सबसे ज्यादा उछले जबकि अडानी पोर्ट, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक के शेयर नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुलने के बाद लाल निशान में आ गये। सेंसेक्स 393.74 अंक गिरकर 80,980 पर जबकि 88.15 अंक गिरकर 24,628.45 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले मंगलवार को शेयर बाजार गिरावट पर बंद हुए। वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत, विदेशी निवेशकों का रुख तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजनाओं और अमेरिका-चीन व्यापार तनावों पर बनी चिंताओं के मिश्रण से बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी प्रभावित हुए हैं।

वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को हल्की बढ़त देखी गई। यह वॉल स्ट्रीट में सोमवार को आई तेजी के चलते आई। हालांकि, वैश्विक व्यापार तनाव और गहराने के संकेत मिल रहे हैं। उधर चीन ने अमेरिका पर अस्थायी व्यापार समझौते के उल्लंघन के आरोपों को खारिज कर दिया। साथ ही अमेरिकी पर अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा न करने का भी आरोप लगाया। इस बीच जापान का निक्केई इंडेक्स 0.43 फीसदी ऊपर था, जबकि टॉपिक्स और कोस्पी में मामूली तेजी के साथ स्थिरता थी। एएक्स 200 इंडेक्स 0.67 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा था। दक्षिण कोरियाई बाजार वोटर्स डे के कारण बंद रहे। सोमवार को एसएंडपी 500 में 0.41 फीसदी, नैस्डैक कंपोजिट में 0.67 फीसदी, और डॉव जोन्स में 0.08 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

# इस साल मई माह में यात्री वाहनों की बिक्री रही स्थिर, 8 फीसदी की आई गिरावट

**नई दिल्ली।**

इस साल मई महीने में यात्री वाहनों की बिक्री स्थिर रही। यह उद्योग की बेहतर वृद्धि की उम्मीदों से कम है। एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि जहां थोक बिक्री केवल 0.1 फीसदी वृद्धि के साथ करीब 3,52,000 वाहन रही, वहीं खुदरा बिक्री में साल 2024 के इस महीने की तुलना में 0.8 फीसदी की गिरावट आई। दूसरी ओर आंकड़ों से पता चलता है कि इस महीने में राज्यों में पंजीकरण संख्या में पिछले साल के इस महीने की तुलना में 4 फीसदी की गिरावट आई और यह घटकर 2,97,649 रह गई। तेलंगाना के आंकड़े वाहन के आंकड़ों का हिस्सा नहीं हैं।

उद्योग की दिग्गज कंपनियों में से टाटा मोटर्स ने मई 2025 में इलेक्ट्रिक वाहन समेत थोक बिक्री में 11 फीसदी की गिरावट आई और यह घटकर 42,040 वाहन रह गई जबकि मई 2024 में यह संख्या 47,075 थी। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने मई में थोक बिक्री में 21 फीसदी की वृद्धि दर्ज की और यह बढ़कर 52,431 हो गई। पिछले वित्त वर्ष के इस महीने में यह संख्या 43,218 थी। बाजार की दो अन्य प्रमुख कंपनियां मारुति सुजूकी और ह्युंडै मोटर इंडिया के सोमवार को ही थोक बिक्री के आंकड़े जारी होने संभावना है।

एम एंड एम लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिवीजन के मुख्य कार्य अधिकारी ने कहा कि मई में एसयूवी की 52,431 बिक्री की जो 21 फीसदी की वृद्धि है। कुल वाहन बिक्री 84,110 रही। यह पिछले साल इसी महीने की तुलना में 17 फीसदी की वृद्धि है। दिलचस्प यह है कि वाहन पर कंपनी के गाड़ियों की पंजीकरण संख्या 25 फीसदी बढ़कर 43,691 हो गई जबकि इस महीने के दौरान अन्य प्रमुख कंपनियों की पंजीकरण संख्या में गिरावट आई। महीने के दौरान बिक्री में उछाल देखने वाली अन्य प्रमुख कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर इंडिया रही जिसने पिछली मई की तुलना में 22 फीसदी की वृद्धि के साथ 30,864 वाहन बिक्री की। इंडिया ने भी लगातार पांचवें महीने दमदार वृद्धि की रफ्तार कायम रखी और मई में देसी बाजार में 22,315 वाहनों की थोक बिक्री दर्ज की।



## जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में निर्यातकों को राहत की उम्मीद

**लंबित जीएसटी नोटिस के बढ़ सकते हैं मामले**

**नई दिल्ली।**

आगामी 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने ब्रोकरों, एजेंटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म सहित प्रमुख मध्यस्थों को निर्यातकों के रूप में पुनर्वर्गीकृत करने और उनकी सेवाओं को शून्य-रेटेड दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई। इस कदम का मकसद ऐसी इकाइयों पर 18 प्रतिशत जीएसटी का बोझ कम करना है। विधि समिति की मंजूरी के बाद इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए पेश किया जा सकता है। इस सुधार से अनुमानित 3,357 करोड़ रुपये के कारण लंबित जीएसटी नोटिस के मामले में तेजी आ सकती है। कर विशेषज्ञों ने इसे भारत के कानून के अनुसार संधान समृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए महत्वपूर्ण माना। इस सुधार द्वारा, भारतीय मध्यस्थों को विदेशी क्लाइंटों के साथ स्मूथ व्यापार करने के लिए एकसमान अवसर मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में राज्यों से आग्रह कर सकती हैं कि वे जीएसटी पंजीकरण की प्रक्रिया को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा जारी किए गए सुव्यवस्थित मानदंडों के अनुसार बनाएं ताकि एक नए दौर का आरंभ हो सके, जो भारतीय व्यापारियों के लिए संजीवनी साबित हो सकता है।

# पिछले महीने 12,327 लोगों ने 5 लाख 70 हजार में खरीद डाली 7-सीटर कार

**नई दिल्ली।**

7-सीटर कारों की मांग लगातार बढ़ रही है लेकिन, महंगी होने के कारण कई लोग नहीं खरीद पाते हैं। इस समस्या का समाधान मारुति सुजुकी ने किया है। यही वजह है कि पिछले माह मई में मारुति सुजुकी की ईको 7 सीटर कार 12 हजार 3 सौ 27 लोगों ने 5 लाख 70 हजार में खरीद डाली। इससे मारुति सुजुकी इंडिया एक बार फिर गाड़ी बेचने के मामले में देश की नंबर-1 कंपनी बनकर सामने आई है।

मारुति ने पिछले महीने यानी मई में कुल 180,077 गाड़ियां बेचीं। जबकि मई 2024 में उसने 174,551 गाड़ियां बेची थीं। यानी सालाना आधार पर कंपनी को 3 प्रतिशत की ग्रोथ मिली। कंपनी की सेल्स में वैन सेगमेंट की ईको का अहम रोल रहा। ये देश की सबसे सस्ती 7-सीटर कार भी है। पिछले महीने इसकी 12,327 यूनिट बिकीं।

जबकि सालभर पहले ये आंकड़ा 10,960 यूनिट का था। इस यूटिलिटी वैन को 5, 6 और 7 सीटर फॉर्मेट में खरीद सकते हैं। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 5.70 लाख रुपए है। मारुति ईको की सेल्स की बात करें तो ये हर महीने शानदार प्रदर्शन कर रही है। वहीं, मई में पिछले 7 महीने का सबसे शानदार प्रदर्शन किया है।

नवंबर 2024 में इसकी 10,589 यूनिट, दिसंबर 2024 में इसकी 11,678 यूनिट, जनवरी 2025 में इसकी 11,250 यूनिट, फरवरी 2025 में इसकी 11,493 यूनिट, मार्च 2025 में इसकी 10,409 यूनिट, अप्रैल 2025 में इसकी 11,438 यूनिट और मई 2025 में इसकी 12,327 यूनिट बिकीं।

ईको में 11 सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं, जो सेफ्टी से जुड़े सभी मौजूदा और कुछ आने वाले नियमों को पूरा करती है। इनमें रिवर्स पार्किंग सेंसर, इंजन इमोबिलाइजर, दरवाजों के लिए चाइल्ड लॉक, सीट बेल्ट रिमाइंडर, ईबीडी के साथ एबीएस, 6 एयरबैग शामिल हैं। ईको को अब एक नया स्टीयरिंग व्हील और एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलता है।

दोनों यूनिट कंपनी ने अपनी एस-प्रेसो और सेलेरियो से ली हैं। पुराने स्लाइडिंग एसी कंट्रोल को भी नई रोटरी यूनिट से बदल दिया गया है।

# स्टील पर ट्रंप शुल्क की मार, भारत के पास तीन विकल्प

**वाणिज्य मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के संबंध उत्कृष्ट, सहमति पर पहुंचने विचार करना चाहिए**

**नई दिल्ली।**

अमेरिका ने हाल ही में स्टील और एल्युमीनियम आयात पर लगाए गए सेफगार्ड शुल्क को 50 फीसदी तक बढ़ा दिया है। इस निर्णय के बाद भारत को इस विवाद को हल करने के लिए तीन विकल्पों पर विचार करना पड़ेगा। सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारत के पास तीन मुख्य विकल्प हैं। पहला, भारत द्वारा एक प्रतिक्रियात्मक शुल्क लगाना। दूसरा, विश्व व्यापार संगठन में शिकायत दर्ज करना।

और तीसरा, द्विपक्षीय वार्ता जारी रखना और समझौते पर पहुंचना। सभी विकल्प तैयार हैं लेकिन अंतिम निर्णय लेने के लिए अभी इंतजार किया जा रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दोनों देशों के बीच इस मुद्दे को हल करने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध उत्कृष्ट हैं और उन्हें सहमति पर पहुंचने के लिए विचार करना चाहिए।

भारत ने डब्ल्यूटीओ को अपनी सेफगार्ड समझौते के तहत अमेरिकी शुल्क का जवाब देने के लिए रियायतों को निलंबित करने की सूचना दी।

भारत का कहना है कि अमेरिकी शुल्क उन्हें समान रियायतें वापस लेने का अधिकार देते हैं, क्योंकि वे डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत सेफगार्ड उपायों की तरह हैं। अमेरिका ने इसका जवाब देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा कार्रवाई है और उसके प्रतिक्रियात्मक शुल्क पर चर्चा नहीं की जाएगी।

इसके बजाय अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से भारत के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है। इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने से पहले भारत का निर्णय महत्वपूर्ण होगा और दोनों देशों के बीच के व्यापारिक संबंधों के बारे में नए मोड़ का निर्माण हो सकता है।

## चेन हडसन बे के कनाडा में अपने सभी 80 डिपार्टमेंटल स्टोर्स बंद

**कभी एक तिहाई कनाडा पर था अधिकार, अब दिवालिया हुई कंपनी**




**नई दिल्ली।**

कनाडा की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित रिटेल चेन हडसन बे कंपनी ने कनाडा में अपने सभी 80 डिपार्टमेंटल स्टोर्स बंद कर दिए हैं। कुछ ही हफ्ते पहले कंपनी ने अपनी स्थापना की 355वीं वर्षगांठ मनाई थी। यह कंपनी कनाडा की आखिरी पारंपरिक डिपार्टमेंटल स्टोर श्रृंखला थी लेकिन भारी कर्ज के चलते कंपनी की हालत लगातार बिगड़ती गई और हाल ही में इसे दिवालिया घोषित कर दिया गया। वर्ष 1670 में ब्रिटेन ने इस कंपनी की स्थापना फर व्यापार के लिए की थी और इसे कनाडा के एक-तिहाई हिस्से के बराबर जमीन दी थी। हडसन बे कंपनी सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि कनाडा की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रही है. यह कंपनी कनाडा की आखिरी पारंपरिक डिपार्टमेंटल स्टोर श्रृंखला थी। कंपनी ने 89 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। 2006 में एचबीसी को अमेरिकी व्यवसायी जेरी जकर ने 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदा था। 2008 में एनआरडीसी इक्विटी पार्टनर्स ने इसे अधिग्रहित किया, जो सैक्स फिफ्थ एवेन्यू के भी मालिक थे। मार्च 2025 में एचबीसी ने कनाडा के कंपनी क्रेडिटर्स अरेंजमेंट एक्ट के तहत क्रेडिटर प्रोटेक्शन के लिए आवेदन किया और अपने 80 हडसन बे स्टोर, तीन सैक्स, और 13 सैक्स ऑफ 5 स्टोर को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की। 1 जून, 2025 को सभी स्टोर बंद हो गए। मई 2025 में ही एचबीसी ने अपनी बौद्धिक संपदा जैसे ट्रेडमार्क, लोगो और प्रसिद्ध धारीदार कंबल डिज़ाइनको कैनेडियन टायर कॉर्पोरेशन को 30 मिलियन कनाडाई डॉलर में बेच दिया था। कंपनी को 2008 में अमेरिकी कारोबारी रिचर्ड ए बेकर ने खरीदा था।

## एलन मस्क के पिता ने इलेक्ट्रिक वाहनों में नए निवेश की सराहना की

**नई योजना के तहत, कंपनियों को 4,150 करोड़ रुपए का निवेश करना होगा**




**नई दिल्ली।**

एलन मस्क के पिता और घरेलू सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड के वैश्विक सलाहकार एरोल मस्क ने भारत की यात्रा के दौरान भारत को ई-वाहनों के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दूरदर्शी योजना की सराहना की। एरोल ने 35,000 डॉलर के न्यूनतम सीआईएफ पर इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों पर 15 प्रतिशत का कम सीमा शुल्क को अच्छा विचार बताया। उन्होंने कहा` कि यह एक बहुत अच्छा विचार है। साथ ही यह ईवी क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए कई चीजों को आसान बनाएगा। दक्षिण अफ्रीकी व्यवसायी ने कहा कि हाई-टेक इलेक्ट्रिक व्हीकल को स्टेट-ऑफ-द-आर्ट टेक्नोलॉजी के साथ बनाना कठिन है। उन्होंने ईवी निर्माताओं की मदद के लिए हर संभव अवसर देने की मांग की। एरोल भारत की ग्रीन टेक्नोलॉजी और ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में तेजी लाने पर केंद्रित यात्रा के लिए भारत पहुंचे हैं। नई योजना के तहत, कंपनियों को 4,150 करोड़ रुपए का निवेश करना होगा। इसके बाद उन्हें 15 प्रतिशत के कम आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन इंपोर्ट करने की अनुमति होगी। सरकारी अधिसूचना के अनुसार इस योजना के तहत आयात किए जाने वाली इलेक्ट्रिक वाहनों की अधिकतम संख्या इतनी होगी कि प्रति आवेदक अधिकतम शुल्क छूट 6,484 करोड़ रुपए या न्यूनतम निवेश सीमा 4,150 करोड़ रुपए, जो भी कम हो, तक सीमित रहे। वहीं एलिजिबल प्रोडक्ट के घरेलू मैन्युफैक्चरिंग के लिए निवेश किया जाना चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है कि अगर योजना के तहत निवेश ब्राउनफील्ड परियोजना पर किया जाता है तो मौजूदा विनिर्माण सुविधाओं के साथ स्पष्ट भौतिक सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए।



## हितेन तेजवानी ने छोटे पर्दे पर बदलाव पर की बात

टीवी के जाने-माने अभिनेता हितेन तेजवानी ने आईएएनएस से खास बातचीत में भारतीय टीवी इंडस्ट्री के बदलाव पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी बदल रहा है और इसमें कामयाब होने के लिए मेहनत, लगन और लगातार अच्छे काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपनी मेहनत और प्रदर्शन की बदौलत टीवी इंडस्ट्री में एक खास जगह बनाई है। हितेन का मानना है कि टीवी इंडस्ट्री में कंपटीशन होना बहुत जरूरी है, क्योंकि हर दिन नए-नए कलाकार आते रहते हैं। यहां सफल बने रहने के लिए सबसे जरूरी है खुद पर भरोसा रखना, अपने काम पर पूरा ध्यान देना और समय के साथ खुद को बदलना और सुधारना।

हितेन ने  हा, टीवी शो में काम करते समय, को-एक्टर्स के बीच थोड़ी बहुत आगे बढ़ने की होड़ चलती रहती है। यह जरूरी भी है। लेकिन यह एक सकारात्मक कंपटीशन की तरह है। ये ऐसा नहीं होता कि मैं ही सबसे अच्छा दिखूं या मैं सबसे बेहतर हूं। असल में आप चाहते हैं कि आप अपना काम इस तरह करें कि पूरा सीन अच्छा और बेहतर लगे। आपकी परफॉर्मेंस से पूरा सीन और कहानी उभरकर आए।

हितेन ने आगे कहा, अगर आपकी एक्टिंग अच्छी है या आप दूसरे कलाकारों के साथ अच्छा मुकाबला करते हैं, तो इससे सीन और बेहतर होता है। इसलिए इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर कंपटीशन अच्छा और सकारात्मक हो, तो वह हमेशा स्वागतयोग्य होता है। पवित्र रिश्ता के अभिनेता हितेन ने बताया कि ऑफ स्क्रीन अच्छे रिश्ते बनाना बहुत जरूरी है। इससे स्क्रीन पर एक्टिंग और भी असरदार होती है।

उन्होंने कहा, अगर ऑफ स्क्रीन आप अच्छे दोस्त हैं या साथ में मस्ती करते हैं, तो स्क्रीन पर आपकी केमिस्ट्री अपने आप अच्छी दिखती है। इसके लिए ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती। हितेन ने बताया कि सेट पर उनके साथ काम करने वाले कई साथी उन्हें प्रैंकस्टर मानते हैं। लेकिन उन्हें लगता है कि वह एक ऐसे इंसान हैं जो सबके मूड को हल्का-फुल्का और आरामदायक बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा , मैंने अभी तक किसी के साथ कोई प्रैंक नहीं किया है। मुझे लगता है मैं चीजों को साधारण रखना पसंद करता हूं। मैं थोड़ा मजाक-मस्ती कर लेता हूं, लेकिन किसी के साथ कोई शरारत नहीं करता। हितेन तेजवानी दस साल से भी ज्यादा समय से टीवी इंडस्ट्री में हैं। फिलहाल, वह टीवी शो मेरी भव्य लाइफ में नजर आ रहे हैं।



# श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है

**पुष्पा सिर्फ एक नाम नहीं है, पुष्पा मतलब ब्रैंड। वो फिल्म जिसने सारे रिकॉर्ड तोड़े, दिलों को जीता और लोगों को और देखने के लिए बेकरार छोड़ दिया। बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचाने के बाद अब पुष्पा राज एक बार फिर हमारे दिलों पर राज करने को तैयार है। इस बार पुष्पा राज वाइल्ड फायर बनकर लौटा है, एक ऐसी कहानी के साथ, जो पहले से कहीं बड़ी, ज़्यादा दमदार और जबर्दस्त ड्रामा से भरपूर है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2- द रूल' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है।**

**क्या आपको नहीं लगता कि अब आपको आधिकारिक तौर पर अपना नाम श्रीवल्ली रख लेना चाहिए?**

जवाब: ओह, सच कहूं तो मुझे लगता है लोग पहले ही मुझे श्रीवल्ली कहने लगे हैं। और मैं पहले भी अपनी टीम से इस बारे में बात कर चुकी हूं... मुझे ऐसा लगता है कि श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है, और इससे मैं बहुत खुश हूं, और बहुत गर्व महसूस करती हूं। क्योंकि एक एक्टर के लिए सबसे बड़ी बात यही होती है कि लोग उसके काम को पहचानें। और मेरे लिए, यह सबसे बड़ी तारीफ है जो एक एक्टर को मिल सकती है। आज जब लोग मुझे श्रीवल्ली कहकर बुलाते हैं, तो मुझे सच में बहुत खुशी होती है।

**'पुष्पा 2' में जथरा वाला सीन आइकॉनिक बन चुका है, खासकर आपका वो पावरफुल मोनोलॉग। इस पर सबका रिएक्शन कैसा था?**

मैंने ये सीन पहली बार बड़े पर्दे पर प्रीमियर के दौरान देखा। तब मैं अल्लू अर्जुन सर के बगल में बैठी थी। जैसे ही डायलॉग शुरू हुआ, पूरा थिएटर एकदम शांत हो गया, और जैसे ही सीन खत्म हुआ, लोग सीटी और ताली बजाने लगे। मैं वहीं बैठी रह गई, और हैरान होकर सोचती रही क्या ये सच में हो रहा है? मेरी आंखों में आंसू थे। हर दिन ऐसा नहीं होता कि किसी एक्ट्रेस को उसकी परफॉर्मेंस पर सीटियां और तालियां मिलें और ये मेरे लिए सब कुछ था। मैंने हमेशा खुद से कहा है कि एक दिन ये सारी मेहनत रंग लाएगी और उस पल में, वाकई, पूरे दिल से ऐसा ही लगा।

**पुष्पा फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

अल्लू अर्जुन सर के साथ काम करना एक शानदार लर्निंग एक्सपीरियंस रहा। वो सेट पर इतनी एनर्जी और कमिटमेंट लेकर आते हैं, जो वाकई बहुत इंस्पायर करता है। उनके किरदार में जो डीटेलिंग और गहराई होती है, उसे देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा। उनका पैशन मुझे भी मोटिवेट करता था कि मैं भी एक परफॉर्मर के तौर पर अपना बेस्ट दूं।

### आपके किरदार श्रीवल्ली के बारे में कुछ बताइए?

श्रीवल्ली जैसा किरदार निभाना मेरे लिए एक बेहद मुकम्मल अनुभव रहा, क्योंकि ये किरदार अंदर से मजबूत और भावनात्मक रूप से बहुत गहरा है। 'पुष्पा 2' में उसका सफर काफी बदल गया है। वो अब सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी नहीं है, बल्कि जब जरूरत पड़ने पर आवाज उठाने से भी पीछे नहीं हटती। एक अहम सीन है, जिसमें वो पुष्पा के लिए खड़ी होती है, और ये सिर्फ उनके रिश्ते की बात नहीं है, बल्कि उसकी अपनी सोच और हिम्मत की भी बात है। वो पल दिखाता है कि वो कितनी आगे बढ़ चुकी है। और एक एक्टर के तौर पर, उस बदलाव को निभाना मेरे लिए बहुत रिलेटेबल और संतोषजनक रहा।



## मुझे ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता

कोरियोग्राफर, अभिनेत्री और यूट्यूबर धनश्री वर्मा पिछले दिनों क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अपने तलाक को लेकर काफी चर्चाओं में रही थीं। इस दौरान उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। अब धनश्री ने चहल से तलाक के बाद अपनी जिंदगी और ट्रोलिंग को लेकर बात की है। हालिया बातचीत में धनश्री ने तलाक के बाद अपने जीवन में आए बदलाव पर बात करते हुए कहा कि तलाक के बाद वह पूरी तरह से बदल गई हैं। साथ ही उन्हें ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्होंने खुद को मजबूत बनाया है। धनश्री ने कहा, ट्रोलिंग मुझे बिल्कुल भी परेशान नहीं करती है क्योंकि मैंने खुद को अंदर से मजबूत कर लिया है। मैंने खुद को इस हद तक सुरक्षित रखा है कि बाहरी शोर मुझे परेशान नहीं करता। मैं हमेशा से एक मेहनती व्यक्ति रही हूं। अब मैंने अपनी लाइफस्टाइल को पूरी तरह से बदल दिया है और आंतरिक शक्ति, अनुशासन, व्यायाम और अच्छे खाने पर ध्यान केंद्रित किया है। खुद को ऐसे लोगों के साथ रखा है जो मुझे प्यार करते हैं और मेरा सम्मान करते हैं।

अपने मुश्किल वक्त को लेकर धनश्री ने आगे कहा, इस मुश्किल दौर में मैंने अपनी भावनाओं को अपने हुनर यानी डांस में ढालने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैंने और लोगों को ताकत को अपना हथियार बनाने के लिए प्रेरित किया है। मैंने जो सबसे बड़ी चीज सीखी है, वह है आत्मनिर्भरता का महत्व और मेरे माता-पिता ने एक मजबूत बेटी की परवरिश की है। यह कुछ नया सीखने और खुद को मजबूत बनाने का वक्त रहा। मुझे मेरे बारे में किसी भी गलत धारणा पर सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि इससे केवल और अधिक अटकलें ही लगती हैं। मुझे लगता है कि प्यार जीवन का सबसे खूबसूरत पहलू है। धनश्री वर्मा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से शादी की थी। हालांकि, शादी के कुछ साल बाद ही दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें आने लगी थीं। इसके बाद इसी साल मार्च में दोनों ने तलाक ले लिया। अब दोनों के रास्ते पूरी तरह से अलग हैं।

## अनन्या पांडे के कजिन अहान की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' का टीजर जारी

फिल्मी घराने से आने वाले एक और स्टारकिड का बॉलीवुड में डेब्यू हो गया है। चंकी पांडे के भतीजे और अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे की डेब्यू की फिल्म 'सैयारा' का टीजर जारी हो गया है। फिल्म को यशराज फिल्म्स द्वारा बनाया जा रहा है।

यशराज फिल्म ने अपनी आगामी फिल्म 'सैयारा' का टीजर आज जारी कर दिया है। फिल्म से अहान पांडे और अनीत पड्डा की नई जोड़ी बॉलीवुड में अपना डेब्यू




करने जा रही है। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक फिल्म का दर्शक अनाउंसमेंट के बाद से ही इंतजार कर रहे थे। अब मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक जारी की है। टीजर को यशराज फिल्म ने अपने इंस्टाग्राम पर जारी करते हुए लिखा, एक इंटेंस लव स्टोरी जो आपका दिल तोड़ देगी और उसे भर भी देगी।

**दिखी अहान-अनीत की केमिस्ट्री**

टीजर वीडियो की शुरुआत अनीत पड्डा की आवाज से होती है। वो कहती हैं, मुझे तसल्ली दे दे जो, वो शब्द उधारा ढूंढ रहा है, एक सितारा ढूंढ रहा है, दिल सैयारा ढूंढ रहा है। टीजर में आगे अहान की झलक दिखाई जाती है। वो बाइक पर एंट्री करते हैं। आगे वो हाथ में गीटार लिए कहीं परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं। वो काफी डैशिंग लग रहे हैं। उनके साथ अनीत पड्डा की केमिस्ट्री भी दिखाई जाती है। दोनों की जोड़ी काफी खूबसूरत लग रही है।

## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में फिर लौट सकती हैं गर्विता साधवानी?

हाल ही में टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है से अभिनेत्री गर्विता साधवानी का सफर खत्म हो गया है, क्योंकि शो में लंबा लीप दिखाया गया है। अब अभिनेत्री ने अपने रोल को लेकर बात की है और उन्होंने अपने फैंस को एक बड़ा हिंट दिया है। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या बात की।

टीवी अभिनेत्री गर्विता साधवानी ने ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'हां, खबर सच है। ये रिश्ता क्या कहलाता है में मेरा सफर समाप्त हो गया है। शो ने लीप लिया है, और मेरा किरदार रूही उस लीप का हिस्सा नहीं बनने जा रहा है।' आगे वह कहती हैं, 'आप इसे मेरे किरदार का अंत नहीं कह सकते, क्योंकि यह तय नहीं है कि रूही शो में वापस आएगी या नहीं। ऐसी संभावना हमेशा बनी रहती है।' आगे बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बताया, 'मुझे लीप के बारे में बताया गया था और किसी भी शो को आगे बढ़ाने के लिए निर्माताओं को नए ट्विस्ट और टर्न पेश करते रहना चाहिए। मौजूदा स्टोरीलाइन में रूही के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन शो के आने वाले प्लॉट का अनुमान कौन लगा सकता है।'

### दर्शकों के प्यार के लिए जताया आभार

अभिनेत्री ने शो और खुद को दर्शकों द्वारा इतना प्यार मिलने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा, 'जब मैं शो में आई, तो मैं थोड़ी चिंतित थी क्योंकि मैं एक ऐसा किरदार निभा रही थी, जिसे पहले से ही कोई निभा रहा था। लेकिन इस किरदार के लिए मुझे जिस तरह का प्यार मिला है, उसके लिए मैं आभारी हूं।'





## भक्ति से कॉमेडी तक, आने वाले वक्त में इन फिल्मों में अलग-अलग अंदाज में दिखेंगे अक्षय कुमार

**अक्षय कुमार के सितारे बुलंदी पर हैं। इस साल जनवरी में फिल्म स्काई फोर्स से उन्होंने दमदार शुरुआत की। फिर अप्रैल में केसरी चैप्टर 2 से उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन किया है। यह सिलसिला यहीं नहीं थमा है। इस साल वे कई दमदार फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कॉमेडी से लेकर माइथोलॉजिकल एपिक ड्रामा तक, वे अलग-अलग शैली की फिल्मों में नजर आएंगे।**

### हाउसफुल 5

जून में अक्षय कुमार फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आएंगे। यह मल्टीस्टारर फिल्म है। तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा संजय दत्त, जैकलीन, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान और नाना पाटेकर जैसे सितारे नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला है। यह फिल्म 06 जून को रिलीज हो रही है।

### कन्नप्पा

यह पैन इंडिया फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले हैं। वहीं, काजल अग्रवाल माता पार्वती की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में विष्णु मांचू लीड रोल में हैं। उनके अलावा प्रभास और मोहनलाल जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है।

### जॉली एलएलबी 3

यह फिल्म सितंबर में रिलीज होगी। लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की यह तीसरी कड़ी है। फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर ने किया है। इस फिल्म की शूटिंग अजमेर और राजस्थान में की गई है। अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

### वेलकम टू द जंगल

खिलाड़ी कुमार की यह फिल्म भी इसी साल रिलीज हो रही है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा परेश रावल, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, रवीना टंडन और संजय दत्त जैसे सितारे हैं। पिक्चर सिर्फ इतनी ही नहीं है। 2025 के बाद साल 26 में भी अक्षय कुमार एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज देंगे। आखिर भूत बंगला और हेरा फेरी 3 जैसी फिल्में कतार में जो हैं।

## अपारशक्ति खुराना का नया गाना लफ्जां रिलीज

एक्टर और सिंगर अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना लफ्जां रिलीज किया है। यह गाना प्यार और खामोशी के बारे में है। साथ ही उन भावनाओं के बारे में भी है, जो अक्सर हम बोल नहीं पाते। यह गाना दिल को छू लेने वाला और सुकून भरा है। पिछले साल अपारशक्ति खुराना का गाना जरूरत रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। नया गाना लफ्जां इसका अगला पार्ट है। यह गाना दिल से जुड़ी भावनाओं को बताता है। उन्होंने गाने के जरिए अपने खास अंदाज में ऐसी भावनाओं को पेश किया, जिन्हें जुबां तक लाना मुश्किल होता है। यह गाना उन अनकहे एहसासों को समेटे है। नए गाने के बारे में बात करते हुए अपारशक्ति ने कहा, मुझे अपने पहले गाने जरूर के लिए बहुत प्यार मिला, और बहुत खुशी हुई जब भारी संख्या में लोग इस गाने से अपने दिल की बात जोड़ पाए। ठीक उसी तरह, लफ्जां भी उन लोगों के लिए बहुत खास गाना है। मैं हमेशा गानों के जरिए सच्ची भावनाओं पर आधारित कहानियां लोगों के साथ शेयर करता रहूंगा। लफ्जां को लेकर मेरी उम्मीद है कि सुनने वाले यह समझें कि प्यार को जोर-जोर से बताने की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी प्यार चुप्पी में होता है, उन लफ्जों में होता है, जो हम कभी कह नहीं पाते।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in